दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 118 | जयपुर, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### मुंबई इंडियंस ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज की पहली जीत



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से मात दी। मुंबई से मिले 235 रन के लक्ष्य के जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन बनाए। इस मौजूदा सीजन में मुंबई इंडियंस की ये पहली जीत रही। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच जीतने के बाद मुंबई इंडियंस की टीम ने एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई इंडियंस टी-20 क्रिकेट में 150 मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई है। एमआई के बाद लिस्ट में सीएसके है, जिसे अभी तक 148 मैचों में जीत नसीब हुई।

### जबलपुर में पीएम मोदी के रोड-शो में टूटा मंच



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान सड़क किनारे दो मंच टूटने एक हादसा हो गया। इससे 7 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में पत्रकार,महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान गोरखपुर क्षेत्र में बनाए गए दो मंच टूट गए, जिससे मंच पर मौजूद लोग नीचे गिर पड़े। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी को देखने के लिए मंच पर क्षमता से अधिक लोग चढ़ गए थे। इस वजह से मंच टूट गया।

पेज 7 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**साल का पहला सूर्य ग्रहण आज:** सूरज के छिपते ही नजर आएंगे एक साथ सात ग्रह

# सूर्य ग्रहण पर आज अंतरिक्ष में होगी 'ग्रहों की महापरेड'

एजेंसी | वाशिंगटन

साल के पहले सूर्य ग्रहण पर अंतरिक्ष में दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार, 8 अप्रैल को साल का पहला सूर्य ग्रहण सूर्य ग्रहण होगा, जिसे मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा में रहने वाले लोग नंगी आंखों से देख सकेंगे। साल का पहला सूर्य ग्रहण सोमवती अमावस्या के दिन लग रहा है। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब 54 साल बाद लग रहा है। इससे पहले ऐसा सूर्य ग्रहण 1971 में दिखाई दिया था। उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए ये सूर्य ग्रहण कई मायनों में खास होगा। ये पिछले 5 दशकों का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण होगा। इसके साथ ही इस क्षेत्र में रहने वाले अब 20 साल बाद ही पूर्ण सूर्य ग्रहण देख सकेंगे। सूर्य ग्रहण के दौरान जब दिन में अंधेरा छाएगा तो लोगों को सूर्य के कोरोना का रोमांचित करने वाला दृश्य दिखाई देगा। खगोलविदों ने बताया है कि इस दौरान अंतरिक्ष में ग्रहों की महापरेड का दिलचस्प नजारा भी होगा।




खगोलविदों के अनुसार, ग्रहण के दौरान सात ग्रह बृहस्पति, शुक्र, बुध, शनि, मंगल, यूरेनस और नेपच्यून सूर्य के पास दिखाई देंगे। ये एक दुर्लभ दृश्य होगा, जब सौर मंडल के सभी प्रमुख ग्रह एक साथ नजर आएंगे। इसके अलावा धूमकेतु 12पी भी दिखाई देगा, जो अपनी विशाल सीगों जैसी संरचना के चलते शैतान धूमकेतु के नाम से जाना जाता है। ग्रहों के ऐसे जमावड़े को ग्रहीय परेड कहा जाता है।

**कहां नजर आएगा ये दिलचस्प नजारा?:** नासा के अनुसार, सोमवार को होने वाले सूर्य ग्रहण की छाया (पाथ ऑफ टौटलिटी) 181 किमी चौड़ाई वाले क्षेत्र को कवर करते हुए आगे बढ़ेगी। पॉथ ऑफ टौटलिटी का रास्ता उत्तरी मेक्सिको, 15 अमेरिकी राज्यों और कनाडा के पांच प्रांतों से होकर गुजरेगा। सूर्य ग्रहण के इस रास्ते में रहने वाले लोग ही दिन के दौरान अंधेरा और ग्रहों की महापरेड का दीदार कर सकेंगे। इस पथ के बाहर रहने वाले लोग पूर्ण सूर्य ग्रहण का असाधारण दृश्य नहीं देख पाएंगे। उन्हें स्माइली फेस की तरह सूर्य का आंशिक अंधकार ही दिखाई देगा।

**भारतवासी ऑनलाइन देख सकते हैं ग्रहण:** सोमवार को होने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा क्योंकि जिस समय अमेरिका में ये ग्रहण हो रहा होगा, उस समय भारत में रात होगी। हालांकि, भारत में रहने वाले भी ग्रहण के दिलचस्प नजारे को देख सकते हैं। सूर्य ग्रहण को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के जरिए देखा जा सकेगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने पूर्ण सूर्य ग्रहण को अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव दिखाने का फैसला लिया है। भारतीय समयानुसार इसे 8 अप्रैल को रात 10 बजे से 9 अप्रैल को सुबह 1.25 बजे के बीच देखा जा सकता है।

**बीकानेर, झुंझुनूं-भरतपुर में BJP प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा**

# कांग्रेस और करप्शन का एक ही रूप: राजनाथ



## बोले... मोदी सरकार ने विश्व में देश का गौरव बढ़ाया

बेधड़क | बीकानेर

लोकसभा चुनाव के चलते प्रदेश में भाजपा के दिग्गज नेताओं के दौरे जारी है। रविवार को बीकानेर और झुंझुनूं लोकसभा सीट पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरों की भूमि राजस्थान की धरती का गुणगान करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार जब भी रही है कोई ना कोई घोटाला जरूर हुआ है। यहां तक कि उनके मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी थी, जबकि हम लोगों की सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने राजीव गांधी का नाम लेते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया है कि देश में भ्रष्टाचार का मामला व्यापक है। उन्होंने कहा कि मैं ऊपर से 100 पैसे भेजता हूं तो आम लोगों तक 14 पैसा पहुंचता है। देश में इतना भ्रष्टाचार है कि बाकी यह 86 पैसे दूसरे लोग ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगा सकता है।

राजनाथ सिंह बीकानेर के कोलायत में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन राम मेघवाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जनसभा में अर्जुन राम मेघवाल को बड़ी जीत देकर संसद में भेजने का आग्रह किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने एक देश एक चुनाव की बात को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की परि संकल्पना है कि एक देश में एक चुनाव होना चाहिए। बार-बार लोकसभा चुनाव, बार-बार विधानसभा चुनाव, नगर पालिका चुनाव, पंचायत चुनाव नहीं होने चाहिए। सभी चुनाव देश में एक साथ होने चाहिए। इसके लिए पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी बनाई हैं। मैं चाहता हूं कि इस बात पर देश की जनता का भी समर्थन होना चाहिए। कांग्रेस तो हर बात का विरोध करती है। देश में एक साथ सभी चुनाव होने चाहिए। सब लोगों की तरफ से इस पर समर्थन मिलना चाहिए।

### मोदी सरकार में हुए अविश्वसनीय काम

राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में अविश्वसनीय काम हुए हैं। रक्षा क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपए से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाते थे। आज हम 21000 करोड़ रुपए की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को विक्रय की जा रही है। लोगों को कोरोना काल में तीन-तीन डोज लगी, जबकि विश्व में अमेरिका के अलावा भी कई ऐसे देश है। जहां के लोगों को कोरोना की डोज नहीं लग पाई। उन्होंने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से उठाने का काम सरकार ने किया है। उन्होंने राजस्थान की माता बहनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिनको अभी तक पानी नही मिला है, आपके घर-घर तक पानी मिलेगा और यह काम जल्द होगा।




## स्थानीय मुद्दों के बजाय देश के लिए सोचें: सीएम योगी

बेधड़क | भरतपुर

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर लोकसभा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। भरतपुर जिले के हलैना में आयोजित सभा में योगी आदित्यनाथ ने हुंकार भरी तो हजारों की भीड़ में जोश भर उठा। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में भरतपुर के लोगों से अपील की कि वे स्थानीय मुद्दों को भूलकर देश के मुद्दों के बारे में सोचकर वोट करें। दुनिया में देश का नाम ऊंचा करने वाले पीएम मोदी को मजबूत करने के लिए बीजेपी प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में मतदान की अपील की। योगी ने पाकिस्तान निशाने साधते हुए कहा कि पहले पाकिस्तान बार बार आतंकी भेजता था लेकिन जब से नरेंद्र मोदी पीएम बने हैं तब से आतंकियों का खात्मा होना शुरू हो गया है। कांग्रेस को कोसते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी जबकि अब सीधे मारा जा रहा है। कांग्रेस ने आतंकवादियों के सामने घुटने टेक दिए थे, जबकि बीजेपी की सरकार सीना तान कर मुकाबला कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हो गया है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए एयर स्ट्राइट की और उनकी सीमा में घूस कर मारा था।

# चाइना बॉर्डर पर शहीद हुए बानसूर के जवान को दी अंतिम विदाई

बेधड़क | कोटपूतली



बानसूर के लाल का रविवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अरुणाचल प्रदेश में चाइना बॉर्डर की बलवा पोस्ट पर तैनात पांच ग्रेनेडियर बटालियन के सूबेदार गिर्राज प्रसाद यादव चार अप्रैल को ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। शहीद सूबेदार गिर्राज प्रसाद यादव की पार्थिव देह चार दिन बाद रविवार सुबह बानसूर के निकटवर्ती पैतृक गांव पहुंची तो माजरा अहीर में मातम छा गया। पिता की पार्थिव देह देख बेटा-बेटी बेसुध हो गए। वहीं, शहीद पति के अंतिम दर्शन करने के दौरान वीरांगना भी बेहोश हो गई, जिसे महिलाओं ने संभाला। शहीद का शव रविवार सुबह बानसूर के माजरा अहीर गांव लाया गया, जहां पर अंतिम दर्शन के बाद शहीद को सेना के जवानों ने सलामी दी। इससे बाद शहीद के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहीद के बेटे शोहित यादव ने पिता को मुखाग्नि दी। शहीद के अंतिम दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

### 1996 में सेना में हुए थे भर्ती

शहीद गिर्राज प्रसाद अक्टूबर, 1996 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे अरुणाचल प्रदेश में चाइना बॉर्डर स्थित बलवा पोस्ट पर पांच ग्रेनेडियर बटालियन में सूबेदार के पद पर तैनात थे। बानसूर के माजरा अहीर निवासी गिर्राज प्रसाद अपने चार-भाई बहनों में तीसरे नंबर के थे। उनके उनके एक बेटा और एक बेटी है।

## जेपी नड्डा की दिल्ली से चोरी हुई कार वाराणसी में मिली




***नई दिल्ली।*** *भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चोरी हुई कार मिल गई है। दिल्ली पुलिस ने नड्डा की टोयोटा फॉर्च्यूनर को वाराणसी से बरामद किया है। इस मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने जेपी नड्डा के कार की पहले नंबर प्लेट बदली और उसके बाद उसे अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, बरेली, सीतापुर होते हुए बनारस ले गए। दिल्ली पुलिस को यह भी पता चला कि दोनों आरोपी फॉर्च्यूनर को नागालैंड लेकर जाने वाले थे और ये चोरी डिमांड पर की गई थी। गौरतलब है कि कार दक्षिण पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चोरी हुई थी। कार का ड्राइवर जोगिंदर सर्विसिंग के बाद टोयोटा फॉर्च्यूनर गाड़ी को गोविंदपुरी लाया था और अपने घर पर खाना खाने के लिए रुका था। इसी दौरान कार चोरी हो गई। सीसीटीवी फुटेज देखने पर अधिकारियों को पता चला कि चोरी हुई कार गुरुग्राम की ओर लेकर गए थे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चल पाया है। हालांकि अब पुलिस ने कार बरामद कर ली है। ये कार इस साल मार्च में चोरी हुई थी। चोरी गई कार पर हिमाचल प्रदेश का नंबर थी।*

**बढ़ते कदम**

# भारत-चीन सीमा पर जल्द दौड़ेगी ट्रेन, 92% काम पूरा... बढ़ेगा टूरिज्म

- सिक्किम से पश्चिम बंगाल को जोड़ेगी यह रेल
- मात्र दो घंटे में सिक्किम से पहुंच जाएंगे बंगाल
- 14 सुरंग बनाने का काम 92 फीसदी हुआ पूरा

एजेंसी | गुवाहाटी

भारत-चीन सीमा पर जल्द ही ट्रेनें दौड़ने लगेगी। पूर्वोत्तर को देश की राजधानी से जोड़ने के लिए भारतीय रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का काम 92 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। सिवोक-रंगपो नामक यह प्रोजेक्ट पश्चिम बंगाल और सिक्किम को जोड़ने काम करेगा। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने इसकी पुष्टि की है। यह प्रोजेक्ट यात्रियों की सुविधा के साथ ही भारत की सैन्य रणनीतियों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

सिवोक-रंगपो रेल लिंक प्रोजेक्ट करीब 45 किलोमीटर लंबी है। इसके पूरी तरह से बनकर तैयार होने के बाद देश की राजधानी दिल्ली से सिक्किम के सिवोक के लिए सीधी ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। वहीं, पश्चिम बंगाल से सिक्किम तक का सफर करने में महज दो घंटे का समय ही लगेगा। इससे पूर्वोत्तर में चीन की सीमा पर तैनात भारतीय जवानों तक रसद और हथियार तेजी से पहुंचाई जा सकेगी। चीन के सीमावर्ती इलाके नाथुला तक पहुंच आसान हो जाएगी। बता दें कि पूर्वोत्तर के ज्यादा सीमावर्ती इलाकों में भी अभी तक सड़क मार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। हालांकि, यह नई रेल परियोजना इसके लिए वैकल्पिक रूट उपलब्ध करवाएगी।

### चौबीसों घंटे चल रहा काम

इस अंडरग्राउंड नेटवर्क की गुफा 650 मीटर तक फैली हुई है। गुफा में 6 क्रॉस पैसेज का एक नेटवर्क बनाया गया है। मौजूदा समय में टनल टी-14, टी-09 और टी-02 में अंतिम लाइनिंग पूरी हो चुकी है और टनल टी-03, टी-05, टी-06, टी-07, टी-08, टी-10, टी-11 और टी-12 का कार्य प्रगति पर है। अब तक कुल 11.96 किमी लाइनिंग पूरी हो चुकी है। सभी सेक्शनों में चौबीसों घंटे काम किया जा रहा है।




### 17 पुलों और 14 सुरंगों का हो रहा है निर्माण

सिवोक रंगपो रेल प्रोजेक्ट के तहत पांच स्टेशनों सिवोक, रियांग, तीस्ता, मेली और रंगपो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इन पांच स्टेशनों में से मेली एक अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन है। इसके साथ ही 17 पुलों और 14 सुरंगों का भी निर्माण किया जा रहा है। सबसे लंबे सुरंग का नाम टी-10 है और इसकी लंबाई करीब 5.3 किमी है। परियोजना के संबसे लंबे पुल ब्रिज-17 की लंबाई 425 मीटर है। 44.98 किमी (सिक्किम 3.43 किमी, बंगाल : 41.6 किमी) लंबे इस रेल खंड का लगभग 38.64 किमी हिस्सा सुरंगों से होकर गुजरेगा।

### मुख्य टनल 3082 मीटर तक फैली

पूर्वोत्तर सीमा रेलले के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे मुताबिक कलिम्पोंग जिला स्थिम सिवोक रंगपो रेल परियोजना (एसआरआरपी) की टनल संख्या टी-7 ने कुछ दिन पहले ही ब्रेक थ्रू हासिल किया। खासियत यह है कि इंडियन रेलवे नेटवर्क का पहला अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन 'तीस्ता बाजार स्टेशन' इसी टनल का हिस्सा है। मुख्य टनल 3082 मीटर तक फैली हुई है। इसके साथ यहां पहुंचने के लिए भी एक टनल है।

## जरूरी खबर

### बिहार और बेंगलुरु के लिए स्पेशल ट्रेन होंगी शुरू



**बेधड़क.जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे राजस्थान से दो समर स्पेशल ट्रेनें शुरू कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे राजस्थान से बिहार और बेंगलुरु के लिए दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। एक समर स्पेशल ट्रेन बीकानेर-दरभंगा-बीकानेर (04707/04708) और दूसरी भगत की कोठी (जोधपुर)-बेंगलुरू भगत की कोठी (जोधपुर) (04809/04810) है। गाड़ी संख्या 04707, बीकानेर-दरभंगा समर स्पेशल रेलसेवा 14 अप्रेल से 21 अप्रेल तक (2 ट्रिप) लगाएगी।

### चुनाव आयोग ने शुरू किया आओ बूथ चले अभियान

**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर रविवार को मतदान केंद्रों पर आओ बूथ चले अभियान के तहत विशेष शिविरों में मतदाताओं को वोटर स्लिप और वोटर गाइड वितरित की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया की पहले चरण के लिए 12 संसदीय सीटों के मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर रविवार और 14 अप्रैल को आओ बूथ चले अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरे चरण के मतदान के लिए 14 और 21 अप्रैल को अभियान चलाया जाएगा। राज्य के 5 करोड़ 32 लाख वोटर्स को वोटर स्लिप और वोटर गाइड वितरित कर मतदान के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### दस से ज्यादा विधायकों को IT ने दिया नोटिस




**बेधड़क.जयपुर।** आयकर विभाग में रिटर्न भरते समय दी जाने वाली जानकारी से इतर लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जानकारी देने वाले उम्मीदवारों पर अब आयकर विभाग की नजर है। हाल ही विधानसभा चुनाव जीते 10 से ज्यादा विधायकों को अब तक प्रदेशभर में नोटिस मिल चुके हैं। इन विधायकों में 6 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। यह नोटिस भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का हवाला देते हुए दिए गए हैं। इनमें से किसी से 8 तो किसी को 15 अप्रेल तक जवाब पेश करने को कहा गया है। नोटिसों के बाद उन विधायकों में खलबली मची है, जिन्होंने आयकर विभाग में रिटर्न भरते समय दी गई जानकारी से सम्पत्ति या आय को लेकर अलग जानकारी दी है।

---

**कैबिनेट मंत्री ने लालसोट में चुनावी सभा को किया संबोधित, एसटी समुदाय को साधने का किया प्रयास**

# पीएम आरक्षण के साथ नहीं करेंगे खिलवाड़: डॉ. किरोड़ी लाल

**बेधड़क | जयपुर**

दौसा के लालसोट में चुनावी सभा में भजनलाल शर्मा कैबिनेट में मंत्री और पूर्व सांसद डॉ.क्टर किरोड़ी लाल मीणा ने एसटी समुदायों को आश्वश्त करते हुए कहा कि, मैं पपलाज माता की कसम खाकर कहता हूं कि पीएम मोदी आरक्षण के साथ कोई भी खिलवाड़ नहीं करेंगे।

डॉ. किरोड़ी ने योगी आदित्यनाथ की संभा में यह बात कही। मीणा बहुल दौसा लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए डा. किरोड़ी मीणा ने कहा कि, किसी के बहकावे में मत आना, ईआरसीपी का पानी पूर्वी राजस्थान को खुशहाल बनाएगा। डॉ. करोड़ी लाल मीणा ने आगे कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने राजस्थान में वादा किया था कि अगर राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनती है, तो पेपर लीग में दोषी लोगों को जेल के सलाखों में पहुंच जाएंगे और हमारी सरकार बनी तो हमने कर दिखाया। गौरतलब है राजस्थान में लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण में दौसा लोकसभा सीट पर मतदान होना है, जिसके चलते जिले के लालसोट में रविवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के कई नेता पहुंचे।

### भाजपा को जिताना है

लालसोट पहुंचे डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताना है और किसी भी तरह की कोई अपनों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, डॉ. मीणा ने आगे बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादा किया था, सरकार बनने के बाद उन्होंने उसे पूरा करके दिखा दिया।



### उड़ाई जा रही अफवाह

डॉ. मीणा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि दौसा लोकसभा में उनके प्रचार के लिए नहीं आने से कई तरह की गलत अफवाह में उड़ाई जा रही है।, उस पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहा कि वो भाजपा के सिपाही हैं और बीजेपी को जिताने के लिए ही यहां आए हैं, डॉ. मीणा ने कहा कि लोग भ्रम नहीं पाले कि वो कांग्रेस प्रत्याशी यानी मामा मुरारीलाल को सपोर्ट कर रहे हैं डॉ.क्टर किरोडी लाल मीणा ने आगे कहा कि वह पपलाज माता की कसम खाकर कहते हैं कि यदि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो आरक्षण के साथ किसी भी तरह का कोई खिलवाड़ नहीं किया जाएगा, डॉ. किरोड़ी मीणा ने कहा, ईआरसीएपी के आने के बाद पूर्वी राजस्थान पानी का संकट हो जाएगा, किसानों के खेतों में खुशी लहराएगी, यहां इंडस्ट्रीज लगेगी, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इसलिए किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है मोदी को वापस प्रधानमंत्री बनाना है।

---

**लोकसभा चुनाव: चूरू में भाजपा कार्यकर्ता में सीएम ने भरा जोश**

# मोदी के नेतृत्व में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

■ 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद बदली देश की परिस्थितियां

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार के लिए नेताओं की दौड़-धूप तेज हो गई है। सीएम भजनलाल शर्मा रविवार को हेलीकॉप्टर से रतनगढ़ पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में रोड शो कर सभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश को विकास के नए पथ पर ले जाने के लिए हमें पीएम मोदी के हाथ मजबूत करने होंगे।

सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने देश की संस्कृति को बदलने का काम किया है। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला भी था, लेकिन 2014 के बाद देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओं का नारा लगाया था, लेकिन पीएम मोदी ने गरीब को सहारा देकर उसे आर्थिक रूप से ऊंचा उठाने का काम किया है। आज पीएम मोदी ने गरीबी रेखा से नीचे के देश के 25 करोड़ लोगों को ऊपर उठाकर उनकी गरीबी मिटाई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। पीएम ने कहा था न खाऊंगा और ना किसी को खाने दूंगा। अगर किसी ने खाया तो अंदर से भी निकाल लूंगा। उनके इस कथन के अनुरूप अब कार्रवाई भी हो रही है। कांग्रेस के भ्रष्टाचारी नेताओं के पास 300-300 करोड़ की राशि मिल रही है। अगर हमें इन भ्रष्टाचारियों को सबक सीखाना है तो मोदी के हाथ मजबूत करने होंगे।



### तीन माह में पकड़े पेपरलीक के दोषी

शर्मा ने कहा कि सरकार बनने के महज साढ़े तीन माह के कार्यकाल में ही हमारी सरकार ने पेपरलीक के दोषी और आरोपियों पर कार्रवाई की है। पेपरलीक पर रोकथाम के लिए एसआईटी का गठन किया, अब तक 85 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हमने 1 जनवरी से प्रदेश की गरीब महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेण्डर देने का कार्य किया। किसान का सम्मान करते हुए हमारी सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि 6 से बढ़ाकर 8 हजार कर दी है। गेहूं की एमएसपी 125 रुपए बढ़ाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल की है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बुजुर्गों को प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है, जिसके तहत 1150 रुपए पेंशन दी जा रही है।



### जल आवश्यकता की पूर्ति करना बड़ी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जल आवश्यकता की पूर्ति करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी क्रम में ईआरसीपी की मंजूरी से 21 जिलों की जल आवश्यकता की पूर्ति होगी, साथ ही फसलों की सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। प्रदेश की जनता से किए पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी के वादे को भी हमने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सभी को सामूहिक प्रयासों से मिलकर प्रदेश व देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014, 2019 की तरह इस बार भी राजस्थान की जनता 25 लोकसभा सीटें मोदी के विकास कार्यों के लिए जीताएगी। उन्होंने चूरू लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

---

**कांग्रेस ने की कैंपेन कमेटी घोषित**

# पार्टी के चुनाव प्रचार को धार देंगे गहलोत

■ पूर्व सीएम को बनाया चेयरमैन व डॉ. सीपी जोशी नियुक्त हुए को-चेयरमैन



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव का रंग जमने लगा है। पहले दो चरण में प्रदेश की 25 सीटों पर होने वाले चुनाव में प्रचार को धार देने के लिए कांग्रेस ने कैंपेन कमेटी का गठन किया है। इस कैंपेन कमेटी का चेयरमैन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बनाया गया है। जबकि विधानसभा के पूर्व स्पीकर और भीलवाड़ा से चुनाव लड़ रहे डॉ. सीपी जोशी को इस कमेटी का को-चेयरमैन बनाया गया है। जयपुर शहर से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को इस कमेटी का कन्वीनर और अशोक चांदना व रफीक खान इस कमेटी में को-कन्वीनर की जिम्मेदारी संभालेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

**सचिन पायलट को मिली यह जिम्मेदारी :** लोकसभा चुनाव के लिए बनी कैंपेन कमेटी में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, हरीश चौधरी, जुबैर खान, शांति धारीवाल को सदस्य बनाया गया है।

### कमेटी में ये नेता किए गए शामिल

कांग्रेस की कैंपेन कमेटी में रामलाल जाट, राजकुमार शर्मा, ममता भूपेश, अर्जुन सिंह बामणिया, शकुंतला रावत, दानिश अबरार, लखन मीना, इंद्रा मीना, डूंगरराम गेदर, रतन देवासी, सुशीला डूडी, शिमला नायक, नीरज डांगी, सुखराम विश्नोई, संयम लोढ़ा, धर्मेंद्र राठौड़, दिनेश खोड़निया और राजेंद्र सोलंकी को भी सदस्य बनाया गया है।

---

# मोहनलाल के हत्यारों को कड़ी सजा की मांग

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के वैशाली नगर में पुलिस इंस्पेक्टर के बेटे द्वारा बल्ले से पीट कर मोहनलाल सिंधी की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार ने हत्यारों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। सिंधी सेंट्रल पंचायत जयपुर महानगर की ओर से रविवार को एक प्रेस वार्ता कर समाज की मांग से अवगत कराया। पीड़ित परिवार और सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ितों को त्वरित न्याय, दोषियों को कठोरता सजा, मामले की सीबीआई जांच, आर्थिक सहायता और राज्य व केन्द्र की योजनाओं से मदद की मांग की। इससे पहले पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार पूरी तरह संवेनशील होकर पीड़ितों को न्याय दिलवाएगी।

आचार संहिता के बाद उन्होंने आर्थिक मदद और प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलवाया जाएगा एवं रोजगार की दृष्टि से डेयरी बूथ में सहयोग करें। आपको बता दें कि पिछले दिनों जयपुर में एक पुलिस इंस्पेक्टर के बेटे ने गरीब परिवार के मोहन लाल सिंधी की हत्या कर दी थी।

---

**18 अप्रैल को कुल 4 हजार 213 मतदान दलों की रवानगी**

# जयपुर के 3 स्थानों से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर लोकसभा क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कराने के लिए तीन स्थानों से मतदान दल रवाना होंगे। सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से 18 अप्रैल को दो पारियों में कुल 4 हजार 213 मतदान दलों की रवानगी होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 85 एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 128 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। पहली पारी के दल सुबह 7 से 10 बजे तक एवं दूसरी पारी के मतदान दल सुबह 11 बजे से 2 बजे तक रवाना होंगे।

दौसा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल बस्सी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल दूसरी पारी में जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल राजस्थान कॉलेज से



पहली पारी में रवाना होंगे। सीकर लोकसभा क्षेत्र में शामिल चौमूं विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल पहली पारी में भवानी निकेतन छात्र कॉलेज से रवाना होंगे। विधानसभावार मतदान दल : जयपुर लोकसभा क्षेत्र में शामिल हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 240, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 326, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 221, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 170, आदर्श नगर विधानभा क्षेत्र में 249, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 187, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 341 एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र में 351 मतदान दल मतदान करवाएंगे।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में शामिल कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 226, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 226, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 216, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 257, झोटवाड़ा विधानभा क्षेत्र में 435, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 280, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 239 एवं बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 249 मतदान दल मतदान करवाएंगे।

नीलिमा तक्षक ने बताया कि 19 अप्रैल को मतदान के बाद जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट का संग्रहण किया जाएगा। कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में शामिल फुलेरा, शाहपुरा, झोटवाड़ा, आमेर, कोटपूतली, विराटनगर, जमवारागढ़, बानसूर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम सामग्री जमा की जाएंगी।

---

**कांग्रेस को एक और झटका**

# गंगाजल मील और सुशील शर्मा सहित 425 नेताओं ने बीजेपी जॉइन की

■ सोनिया, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के अगले ही दिन छोड़ी पार्टी

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर नेताओं का बीजेपी में आने का सिलसिला लगातार जारी हैं। आज पूर्व विधायक गंगाजल मील सहित करीब 425 लोगों ने बीजेपी जॉइन की। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक औंकार सिंह लखावत और प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने इन नेताओं को बीजेपी जॉइन करवाई। कांग्रेस के पूर्व विधायक गंगाजल मील और कांग्रेस विधिक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुशील शर्मा सहित कई नेताओं ने आज रविवार को कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया।

गंगाजल मील के साथ ही कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले हनुमान मील और हेतराम मील, सीकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा और सीकर के पूर्व उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने भी आज भाजपा की सदस्यता ली है।



### कांग्रेस नेताओं पर लगाए आरोप: गंगाजल मील


गंगाजल मील ने कहा कि उन्होंने साल 2003 में भाजपा का साथ छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामा था। उसके बाद से वे और उनका परिवार लगातार सूरतगढ़ में कांग्रेस की सेवा करता रहा। लेकिन गोविंदसिंह डोटासरा डूंगरराम गेदर को पार्टी में ले आए और प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी अपने करीबी को पार्टी में लाकर मंत्री का दर्जा दिलवाया। इसके बाद उनके परिवार का टिकट भी काट दिया गया। उन्होंने कहा कि आज पार्टी अलग-अलग धड़ों में बंटी हुई है। जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा है। अब भाजपा में आने के बाद लग रहा है कि वापस घर आ गया हूं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में निराशा: सुशील शर्मा

सुशील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में आपसी गुटबाजी से पार्टी का समर्पित कार्यकर्ताओं में निराशा है। राम मंदिर के मुद्दे पर कांग्रेस ने जो स्टैंड लिया। उससे भी सनातन धर्म में भरोसा रखने वाले उनके जैसे कार्यकर्ताओं को धक्का लगा है। दूसरी तरफ भाजपा ने एक आम कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाया और भजनलाल शर्मा ने अपराधियों और पेपर लीक माफिया पर तेजी से शिकंजा कसा है। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश ही नहीं विदेशों में भी अपना लोहा मनवाया है। इसी से प्रभावित होकर राष्ट्रवादी सोच के साथ उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है।

## जरूरी खबर

### इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर से चांदी का छत्र-मुकुट चोरी



**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर इलाके में स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश दानपात्र तोड़कर रुपए ले जाने के साथ ही मंदिर से चांदी का छत्र-मुकुट भी चुरा ले गए। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत कैद हो गई। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि श्यामवालों की ढाणी में इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में शनिवार देर रात मंदिर परिसर में घुसे बदमाश ने सबसे पहले दानपात्र को नकब की मदद से तोड़ा। दानपात्र में रखे हजारों रुपए की रकम निकाल ली। उसके बाद चोर चांदी की छत्र और मुकुट के साथ ही भगवान शिव के त्रिशुल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गया।

### धोखे से हड़पी बिजनेस फर्म, तीन पार्टनर गिरफ्तार

**जयपुर।** धोखे से बिजनेस फर्म को हड़पने के मामले में तीन पार्टनर को मुरलीपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार दोपहर तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया। लाखों रुपए कमाई के लालच में आरोपी तीनों पार्टनर ने प्लानिंग की। चौथे पार्टनर राकेश कुमार (55) के फेक साइन कर उसे रिटायर्ड दिखाकर धोखाधड़ी की। एसएचओ मुरलीपुरा सुनील कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अनुज बेनीवाल (44) पुत्र देवेन्द्र कुमार बेनीवाल निवासी टिब्बी हनुमानगढ़, विक्रम गुलेरिया (40) पुत्र बजरंग लाल निवासी हनुमान वाटिका खातीपुरा और मामराज सिंह डूडी (60) निवासी झुंझुनूं को अरेस्ट किया है। तीनों आरोपी मैसर्स श्रीराम स्टोन इंडस्ट्रीज के पार्टनर हैं। सबूत सामने आने पर तीनों आरोपी पार्टनर को अरेस्ट किया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

राजधानी में नया चोर गिरोह सक्रिय, वारदात में अपना रहा अलग तरीका

# PHED कर्मचारी बनकर घुस रहे घर में, चोरी कर हो रहे चंपत

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में एक नया चोर गिरोह सक्रिय हुआ है। यह चोरी का बिल्कुल नया तरीका अपना रहा है। बदमाश खुद को पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट (पीएचईडी) का कर्मचारी बताकर पानी चेक करने के बहाने घर में घुसते हैं और फिर चोरी कर चले जाते हैं।

ऐसा ही मामला जयपुर के रामनगरिया थाने में दर्ज हुआ है। यहां तीन बदमाश खुद को पीएचडी कर्मचारी बताकर घर में घुसे। फिर मौका देखकर अलमारी से गहने चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित की ओर से अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

रामनगरिया थाना एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि रूपेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दी है कि 5 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे उनके घर पानी का कनेक्शन चेक करने के बहाने दो बदमाश आए। उन्होंने खुद को पीएचईडी का कर्मचारी बताया। पानी का लेवल और क्वालिटी चेक करने की बात कही। इसके बाद आरोपी बात करके ऊपर टंकी चेक करने चले गए।



### एक घर की छत पर गया, दो नीचे खड़े रहे

इस दौरान एक व्यक्ति मोबाइल पर नीचे खड़ा होकर बात कर रहा था। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी खड़ा था। रूपेंद्र की पत्नी भी ऊपर टंकी चेक कराने चली गई थी। इस दौरान दूसरा व्यक्ति घर में घुसकर अलमारी तक पहुंचा। जहां बेटी व पत्नी के गहने रखे थे।

### सोने की चूड़ी, अंगूठी, कैश सब चोरी कर ले गए

बदमाश डिब्बे में से गहने निकाल कर चला गया। साथ में नगदी भी निकाल ले गया। गहनों में 1 सोने की अंगूठी, पैंडल सहित मंगलसूत्र, सोने की चूड़ी, सोने के कुण्डल, चांदी की पायल 2 जोड़ी, चांदी की अंगूठी 4 जोड़ी, और सवा लाख रुपए नगद चोरी कर ले गया।



### सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

घर के आसपास लगे सीसीटीवी में बदमाश कैद हुए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एएसआई रमेश कुमार ने बताया- आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। बदमाश कई मकानों में घुसते दिखाई दे रहे हैं। इस पर पुलिस ने सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए हैं। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही हैं।

जमवारामगढ़ खटीकों का मोहल्ला निवासी बुजुर्ग दंपती के साथ वारदात

# आधी रात को घर में घुसे, बेहोश कर महिला के कान काट ले गए बालियां

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में आधी रात बदमाश एक घर में घुसे। दवा सुंघाकर बुजुर्ग दंपती को बेहोश किया और उसके बाद धारदार हथियार से बुजुर्ग महिला के कान काटकर बालियां निकाल ली। इसी दौरान छह साल की बालिका छत पर निकली तो पकड़े जाने के डर से भाग छूटे। घायल महिला का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाया गया है। आमेर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

एएसआई राजेन्द्र कुमार ने बताया कि वारदात जमवारामगढ़ खटीकों का मोहल्ला निवासी रामकिशोर (50) के यहां हुई। स्कूल संचालक रामकिशोर अपने बुजुर्ग माता-पिता और भाइयों की फैमिली के साथ यहां रहते है। बेसमेंट सहित दो मंजिला मकान में परिवार के करीब 15 सदस्य रहते हैं। बेसमेंट में रामकिशोर के पिता फूलचंद खिंची (80) और माता मनफूली देवी (78) सोते है। रात को परिवार के सभी सदस्य डिनर कर अपने-अपने कमरे में सो गए। रात करीब 1:30 बजे घर में बदमाश घुसे।



### खुला रह गया था बेशमेंट के कमरे का दरवाजा

पीड़ित रामकिशोर ने बताया- घर के अंदर घुसे बदमाशों ने मेन गेट को बाहर से कुंदी लगाकर बंद कर दिया। बेसमैंट में मम्मी-पापा के कमरे का गेट खुला देखकर अंदर घुस गए। कमरे में घुसने के बाद सोते मम्मी-पापा को दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया। उनके बेहोश होने के बाद किसी धारदार हथियार चाकू या ब्लैड से दोनों कानों को काटकर सोने की बालियां निकाल ली।

### पकड़े जाने के डर से भागे

रामकिशोर ने बताया- रात करीब 2 बजे 6 वर्षीय भांजी टॉयलेट जाने के लिए उठकर छत पर चली गई। छत से नीचे देखने पर घर के बाहर दो जने खड़े दिखाई दिए। टॉयलेट जाने के बाद वापस कमरे में आकर सो गई। घर के बाहर निगारानी कर रहे बदमाशों को लगा कि अपने परिजनों को बच्ची जाकर बता सकती है। पकड़े जाने के डर के चलते निगारानी कर रहे बदमाशों ने सिग्नल देकर घर में घुसे बदमाशों को बाहर बुलाया। लोगों का कहना है कि देर रात चार-पांच बदमाश दौड़ते हुए सरकारी स्कूल की तरफ जाते देखा था।

### होश आने पर दर्द से चिल्लाई तो पता चला

रात करीब 2:15 बजे बेहोशी से बाहर निकलने पर दर्द के मारे मां मनफूली देवी जोर-जोर से चिल्लाने लगी। पिता के होश आने पर उन्होंने बेटों को आवाज लगाई। जागने पर मम्मी-पापा को संभालने पहुंचने पर बाहर से मेन गेट बंद होने का पता चला। छत के रास्ते बाहर रोड पर आकर मेन गेट की कुंदी को खोला। बेसमेंट में जाकर लाइट जलाने पर मां मनफूली देवी को खून से लथपथ हालत में पाया। जैसे-तैसे संभाल दर्द से कहराती मां को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाकर इलाज करवाया। आमेर थाना पुलिस भी सूचना पर मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पहाड़ी पर लटका मिला शव

# एसएमएस के लैब टेक्नीशियन ने किया सुसाइड




बेधड़क | जयपुर

एसएमएस हॉस्पिटल के लैब टेक्नीशियन ने सुसाइड कर लिया। उसका शव जयसिंहपुरा थाना इलाके में स्थित राजेश्वरी माता मंदिर की पहाड़ी पर रविवार सुबह लटका मिला। इसके बाद शाम तक पुलिस शव पेड़ से नीचे नहीं उतार सकी, क्योंकि शव खाई की तरफ झुके हुए पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ है। पुलिस खबर लिखे जाने तक मौके पर शव उतारने का प्रयास कर रही थी।

सीआई राजेश मीणा ने बताया-सुबह ट्रैकिंग करने वाले लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को पेड़ पर शव लटके होने की जानकारी दी थी। यह जगह सड़क से करीब 2 किलोमीटर ऊंचाई पर है। शव को उतारने का प्रयास किया जा रहा है। पेड़ का झुकाव खाई की तरफ है। वहीं, शव पेड़ के किनारे पर लटका हुआ है। ऐसे में शव या रस्सी तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। मृतक की पहचान बनवारी चौधरी पुत्र जयसिंह के रूप में हुई है। जो एसएमएस अस्पताल में लैब टेक्नीशियन था। अब तक की जांच में सामने आया है कि बनवारी काफी समय से परेशान चल रहा था। बनवारी की पत्नी सीआरपीएफ में कॉन्स्टेबल है। दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करा रखा है। वहीं, पूर्व में जयसिंहपुरा थाने में मृतक के खिलाफ पॉक्सो का मुकदमा दर्ज था। इसमें वह जेल भी जा चुका है। मौके पर पुलिस को शराब की बोतल, मृतक की शर्ट, जूते और अन्य चीजें मिली हैं। मृतक के परिवार को घटना की जानकारी दे दी है। घटना करीब 3 दिन पुरानी है, लेकिन जानकारी रविवार सुबह लगी थी।

ज्योतिबा फुले सर्किल पर कवि सम्मेलन का आयोजन

# हास्य और शृंगार की बही रसधार

बेधड़क | जयपुर

भारतीय नववर्ष का स्वागत करते हुए ओज, हास्य और शृंगार रस की सरिता रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल, न्यू सांगानेर रोड पर बही।

मौका था स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन जयपुर तथा नववर्ष आयोजन समिति केशव नगर (मानसरोवर भाग) द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन का। विक्रम संवत 2081 के स्वागत में देश के हास्य, वीर और शृंगार रस के कवियों ने काव्य पाठ किया। इनमें शाहपुरा से कमल मनोहर, इटावा से राम बधावर, आगरा से डॉ. शीला शील, जयपुर से किशोर पारीक, दिग्विजय सिंह राठौड़, उमेश उत्साही, देवेंद्र भारद्वाज और भरतपुर से वरुण चतुर्वेदी ने अपने काव्य से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश चंद्र अग्रवाल, महंत नरेश गिरी, मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मुनेश गुर्जर उपस्थित रहे।




नागपुर में 'सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक' आज

# विनायक शर्मा करेंगे युवाओं को जागरूक

बेधड़क | जयपुर

नागपुर के चिटनविस सेंटर में 8 अप्रैल को सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अध्यात्मिक प्रचारक और प्रेरक वक्ता विनायक शर्मा के नेतृत्व में होगा।

सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक का उद्देश्य युवाओं को शाश्वत सत्य का अनुभव करवाना है। मनुष्य ईश्वर का ही अंश हैं, इस आयोजन का मकसद युवाओं को यह याद दिलाना है कि उनमें हर पराक्रम करने की ऊर्जा है। यह उसे उसी के अंदर बैठे परमात्मा के द्वारा जन्म से ही मिली हुई है, केवल उसे पहचानने की आवश्यकता है।




### शाम 5 बजे होगी शुरुआत

सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक का लक्ष्य उन युवाओं को जागरूक करना है जो जीवन की भौतिक चीजों में उलझा हुआ है और जो खुद को केवल शरीर मात्र के रूप में देखते हैं। इसी का ही परिणाम है कि आज देश का युवा डिप्रेशन, एनजाइटी में फंसकर आत्महत्या जैसा कृत्य करता है या फिर अपराध का रास्ता अपनाता है। सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक शाम 5 बजे से शुरू हो जाएगा। इस मोटिवेशनल सेशन की एंट्रीज फ्री हैं।

चेटीचंड महोत्सव

# श्रीझूलेलाल मंदिर में विधि विधान से कराए 71 सामूहिक जनेऊ संस्कार

बेधड़क | जयपुर

राजापार्क की सिन्धी कॉलोनी स्थित श्रीझूलेलाल मंदिर में रविवार को 71 सामूहिक जनेऊ संस्कार जीतू महराज के सान्नध्य में विधि विधान से सम्पन हुए। अध्यक्ष शंकर आसनानी ने बताया कि अमरापुर दरबार के साईं मोनूराम साहिब ने बालको को पखर पहनाकर आशीर्वाद दिया। कुंदनलाल पठानी ने बताया कि रौनक फैशन द्वारा बालकों को ड्रेस कोड उपलब्ध कराया गया। सुलोचना देवी और भोजराज लखवानी द्वारा लंगर प्रसादी वितरित की गई। इसके साथ ही बालकों को मिठाई के पैकेट व दानदाताओं द्वारा अन्य गिफ्ट दी गई। मुख्य मेला प्रमुख हरीश वेजनानी के अनुसार प्रमुख समाज सेवी तुलसीदास त्रिलोकानी, कुंदन लाल पठानी, महेश झमटानी, मनोज ठाकवानी, हेमंत ठारवानी, दिलीप आलवनी सहित विभिन्न क्षेत्र से आए सैकड़ों भक्त शामिल रहे। मातृशक्ति का विशेष सहयोग रहा।



### आज और कल ये होंगे कार्यक्रम

8 अप्रैल को 71 सामूहिक पूज्य बहराणों साहिब ज्योत, 9 अप्रैल को छैज व नृत्य प्रतियोगिता, 10 अप्रैल को चेटीचंड पर प्रभात फेरी और ध्वजा रोहण छैज सुखों सेसा प्रसादी, 11 अप्रैल को लंगर प्रसादी और मुबई उल्लास नगर के विश्व प्रसिद्ध अनिल भगत एवं पार्टी का रंगारंग कार्यक्रम एक शाम झूलण के नाम रखा गया है। कार्यक्रम में अमरापुर दरबार के संत मंडली साई मोनू राम साहिब ज्योत प्रज्वलित कर जनेऊ धारकों को आशीर्वाद देंगे। स्वामी पुरसानाराम साहिब सेवा मंडल के साध मुकेश साहिब व स्वामी गुलराज उदासी साहिब भी शिरकत करेंगे।



### जरूरी खबर

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 60 यूनिट रक्त एकत्रित



**जयपुर**। बांदीकुई के जिम सेंटर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ब्लड डोनेट किसान शिविर मे लोगों को प्रसंक्षा पत्र एवं उपहार दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ.रविन्द्र सैनी ने कहा हम सब को ऐसे पुनित कार्य भ बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। कैम्प के आयोजक जितेन्द्र सैनी नेम ने लोगों को प्रोत्साहित किया। अरावली ब्लड सेंटर ने सहयो एवं उनकी टीम ने सोयग किया। इस अवसर पर लोकेश नन्देश, दिनेश कटारिया, विभाम बैरखा विक्रम गुर्जर, पवन सैनी, राज माली, मोहित बैठी आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## घर-घर गायत्री यज्ञ अभियान, 14 परिवार लाभान्वित

**चाकसू**। गायत्री शक्तिपीठ वाटिका के तत्वावधान में घर-घर गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत चाकसू नगरपालिका क्षेत्र में रविवार को विभिन्न मोहल्लों में 14 परिवारों में आयोजित हवन में गायत्री मंत्र गूंज उठा, सम्पूर्ण वातावरण धार्मिक आस्था से ओतप्रोत हो उठा। गायत्री शक्तिपीठ वाटिका के तत्वावधान में रणवीर चौधरी व उनके साथ आने वाले गायत्री परिवार सदस्यों द्वारा 14 घरों में शक्ति पीठ के निर्धारित विधि-विधान द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ गायत्री यज्ञ सम्पन्न करवाए गए। सभी स्थानों पर परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

## पुलिस कस्टडी से फरार हुए आरोपी गिरफ्तार



**चाकसू**। शिवदासपुरा थाना पुलिस को कस्टडी से फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अमरचंद खटीक ग्राम चंदलाई इलाके का रहने वाला है। SHO रणजीत सिंह ने बताया कि 27 मार्च को शिवदासपुरा पुलिस शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार अमरचंद समेत 4 जनों को चाकसू ACP कार्यालय पेश करने के लिए लेकर गई थी। इस दौरान अमरचंद शौचालय जाने का बहाना कर दीवार फांदकर फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर सच बेधड़क ने 3 अप्रैल के अंक में खबर प्रकाशित कर घटना को उजागर किया था।

### होली के 13 दिन बाद रंग तेरस पर आयोजन, पुरुषों पर महिलाओं ने जमकर बरसाए कोड़े

# जीनगर समाज की कोड़ामार होली में साकार हुई परंपरा

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के जीनगर समाज ने रविवार को कोड़ामार होली खेली। होली के 13 दिन बाद रंग तेरस पर यहां समाज की ओर से होली खेलने का आयोजन किया जाता है।

शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले जीनगर समाज के लोग रविवार सुबह ढोल-नगाड़ों के साथ गुलमंडी सर्राफा बाजार में पहुंचे और जमकर होली खेली। जीनगर समाज के अध्यक्ष कैलाश सांखला ने बताया- समाज रंग तेरस (रविवार) पर कोड़ामार होली खेली। यह देवर-भाभी का त्योहार है। महिला सशक्तिकरण की बात इस कोडरमार होली के माध्यम से कही जाती है। इसमें महिलाएं देवरों पर कोड़े बरसाती हैं।

देवर भाभी पर पानी की बौछार करते हैं। इस त्योहार से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। महिलाओं को एक दिन मौका मिलता है जब वे पुरुषों की पिटाई कर सकें।

यह परंपरा यहां 200 साल से चली आ रही है। महिलाओं के मन में साल भर की भड़ास इस दिन निकलती है। पुरुष हंसते हुए और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए कोड़े की मार खाते हैं।

### नवविवाहित जोड़ों में भी उत्साह

कोड़ामार होली में नवविवाहित जोड़े भी बड़े उत्साह से भाग ले रहे हैं। होली खेलने के बाद युवा बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हैं। त्योहार में शामिल महिला लक्ष्मी सांखला ने बताया- साल भर हमें इस त्योहार का इंतजार रहता है। यह परम्परा हमारे बुजुर्ग मनाते थे। अब हम इसे आगे बढ़ा रहे हैं। सभी मिलकर होली खेलते हैं। महिलाएं अपने देवर को कोड़ों से पीटती हैं और देवर कड़ाई के पानी को खाली करते हैं। पानी खाली न हो इसलिए महिलाएं उन्हें कोड़ों से मारती है और मिलजुल कर त्योहार मनाया जाता है। सभी महिलाएं प्रोग्राम देख अपने बच्चों को सीखने का मौका देती हैं।



### साड़ियों से गूंथकर बनता है कोड़ा

महिलाएं सूती साड़ियों से गूंथकर कोड़े बना लेती हैं और वहां रखे पानी व रंग से भरे कड़ाहे के पास खड़ी हो जाती हैं। पुरुष कड़ाहे से पानी की डोलची भरकर महिलाओं पर फेंकते हैं और महिलाएं उन्हें कोड़े से मारती हैं। कोड़ा मार होली में तीन कड़ाव में रंग का पानी डाला जाता हैं और सूती वस्त्रों से महिलाएं कोड़ा बनाती हैं और बाद में तीन घंटों तक खेल तीन बार खेला जाता है और अंत में कड़ाव पर जिसका कब्जा हो जाता हैं वह इस खेल का विजेता बन जाता हैं। मनोरंजन के हिसाब से खेले जाने वाली इस होली का पूरी जीनगर समाज को साल भर इंतजार रहता हैं। परम्परा के तहत पुरुष कड़ाव में भरा रंग महिलाओं पर डालते हैं और उससे बचने के लिए महिलाएं कोड़े से प्रहार करती हैं।

### जोधपुर के चामू पुलिस थाना क्षेत्र का मामला

# झगड़ा सुलझाने गई पुलिस को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

### ■ एसएचओ को कमरे में किया बंद, दो थानों की पुलिस ने छुड़ाया

**बेधड़क** | जोधपुर

राजस्थान में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां जोधपुर में एक झगड़े को सुलझाने गई पुलिस को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने थाने के एसएचओ को ही बंधक बना लिया। जोधपुर जिले के बालेसर सर्कल के चामू पुलिस थाना क्षेत्र में दो पक्षों में आपसी झगड़े के मामले में मौके पर गई चामू पुलिस को गांव के लोगों ने पकड़ लिया और कमरे में बंद कर दिया।

वहीं, इस घटना की जानकारी जब पुलिस अधीक्षक को मिली तो उनके निर्देश पर आसपास के दो थानों की पुलिस ने मिलकर अपने साथियों और एसएचओ को छुड़ाया। बताया जा रहा है कि इस घटना में पुलिस को फायरिंग भी करनी पड़ी।

वहीं दर्जन भर आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जबकि उनके वाहन भी जब्त कर लिये गए हैं। इस मामले में एक हेड कांस्टेबल घायल भी हुआ है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि चामू पुलिस को शनिवार रात को 11:00 बजे गोदेलाई गांव में दो पक्षों में आपसी झगड़े की सूचना मिली थी। जिस पर चामू थानाधिकारी ओमप्रकाश मय जाब्ता मौके पर पहुंचे, तो वहां पर खड़े लोगों ने पुलिस को बंधक बनाकर घर में कैद कर लिया। इसके बाद चामू पुलिस को बंधक बनाने की सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल दो पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। तो उनको भी वहां पर बंधक बना कर उसके साथ मारपीट की गई। जिसमें हेड कांस्टेबल का हाथ टूट गया।



### पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का आरोप

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह यादव को सूचना मिलने पर आसपास के तमाम थानों की पुलिस को मौके पर भेजा गया। वह खुद भी मौके पर पहुंचे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस कर्मियों को छुड़ाया गया और दर्जन पर महिला और पुरुष आरोपियों को हिरासत में लिया गया। उनके वाहन भी जब्त कर चामू पुलिस थाने ले गए। वहीं एतिहायत के तौर पर चामू पुलिस थाने में अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया हैं। ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जब अन्य स्थानों की पुलिस अपने साथी पुलिसकर्मियों को छुड़वाने के लिए गए तो आरोपियों द्वारा पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में गाड़ी पर गोली चलाई। वहीं आईजी विकास कुमार और जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह यादव इस मामले की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है।

### अंदर बुलाकर बाहर से बंद किया दरवाजा

चामू थाने के एसएचओ ओमप्रकाश ने बताया- गोदेलाई गांव में दो सगे भाइयों हरजीराम और डालूराम के बीच जमीन को लेकर विवाद था। हरजीराम ने शनिवार को डालूराम के घर आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया था। डालूराम इसकी शिकायत लेकर रात 11 बजे चामू थाने पहुंचा था। इसके बाद मैं 4 पुलिसकर्मियों को लेकर 4 किमी दूर घटनास्थल पर गया। हम दोनों पक्षों से मामले की जानकारी ले रहे थे। इसी दौरान हरजीराम के घर गए तो वह बोला- अंदर आ जाओ, बैठकर बात करते हैं। मैं अकेला अंदर गया। 4 पुलिसकर्मी घर के बाहर पूछताछ कर रहे थे। हरजीराम ने मुझे एक कमरे में बैठा दिया और अचानक बाहर से कुंडी बंद कर दी। मैं तुरंत उठा और बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों को आवाज दी। दरवाजा खटखटा कर उसे खोलने के लिए आवाज देना शुरू किया। अंदर से ही बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों और कंट्रोल रूम को सूचना दी।

### प्रो.गौरव वल्लभ का सम्मान

# रोज-रोज सनातन को गालियां नहीं दे सकता



**बेधड़क** | जयपुर

प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कहा कि मेरी अंतरात्मा लंबे समय से कचोट रही थी। मैने शीर्ष नेतृत्व को बार-बार समझाया भी कि सनातन को गालियां न दे। प्रभु राम को स्वीकारें।

देश को विकास की राह पर आगे ले जाने वाले अडानी, अंबानी और सनातन को रोज -रोज गलियां देना बंद करें पर किसी ने एक नहीं मानी, लिहाजा मुझे कांग्रेस को अलविदा कहना ही पड़ा। भाजपा में आया हूं तो और कुछ करूं या ना करूं, लेकिन 2045 में विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान अवश्य दूंगा।

प्रोफेसर गौरव वल्लभ रविवार को जयपुर में एक सम्मान समारोह में बोल रहे थे। सम्मान समारोह का आयोजन कांग्रेस के व्यापार प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर आज ही भाजपा में शामिल हुए अशोक अवस्थी, भाजपा कार्यकर्ता मनोज पांडे, सुशील पीरनगर ने किया था। समारोह में सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर से बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के सुपुत्र ऋषि शर्मा, केदार शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, सतीश शर्मा, अजय पारीक, नरेंद्र कुमार हर्ष, पुष्पेंद्र शर्मा, रोशन लाल शर्मा, कृष्ण गुर्जर, मुदित शर्मा, कृष्ण दीप गुप्ता, महिपाल सिंह राठौड़ प्रशांत मिश्रा सुरेंद्र सिंह शेखावत चंद्र राम सोलंकी विकास त्रिवेदी, गुड्डू गुर्जर, योगेश रावत, ललित शर्मा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

### मानव सेवार्थ में 1473 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

# रक्तदान कर मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

**बेधड़क** | चाकसू

राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न जैन मंदिरों एवं संगठनों के सहयोग से मानव सेवार्थ में रविवार को 29 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि भगवान महावीर के संदेश "जीओ और जीने दो' को सार्थक करने के लिए स्वैच्छिक रूप से 2557 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान करने पहुचे। इन शिविरों के माध्यम से कुल 1475 युनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविरों का शुभारंभ भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं तीन बार णमोकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ। इस अवसर पर राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन बाकलीवाल, संयुक्त मंत्री भानू छाबड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा सहित रक्तदान शिविरों के मुख्य संयोजक राजीव पाटनी ने सहयोग प्रदान किया।



### जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कंसाना से चल रही थी अदावत

# भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पर हमला

### ■ आरोपी वारदात के बाद फरार, पुलिस ने तलाश में इलाके में करवाई नाकाबंदी

**बेधड़क** | धौलपुर

बीजेपी कार्यालय के बाहर रविवार शाम को भाजपा के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह घुरैया पर किसान युवा मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कंसाना ने अपने सहयोगियों के साथ लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया।

हमले में घायल हुए भूपेंद्र घुरैया को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने भारी पुलिस बल के साथ हालातों का जायजा लिया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह घुरैया और भाजपा किसान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कंसाना में पुरानी अदावत चली आ रही है। पुरानी दुश्मनी को लेकर पूर्व में भी दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो चुके हैं। पुरानी रंजिश की वजह से भूपेंद्र घुरैया पर जानलेवा हमला किया है। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी भी करा दी है। हमलावरों के संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है। मुकदमा दर्ज कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र घुरैया ने बताया कि रविवार शाम को भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का सदस्यता अभियान चल रहा था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बीजेपी कार्यालय पर जा रहा था, लेकिन बीजेपी कार्यालय के बाहर पहले से ही घात लगाए बैठे भाजपा किसान मोर्चा के युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कंसाना ने अपने परिजनों के साथ लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि उन्होंने बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद हमलावर फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए मौके से फरार हो गए। घटना से बीजेपी कार्यालय में हड़कंप मच गया। घायल भूपेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा भारी पुलिस जाप्ता के साथ मौके पर पहुंच गए। दरअसल, बीजेपी कार्यालय पर कांग्रेस की विधायक शोभारानी कुशवाहा के परिजनों का भाजपा में शामिल होने का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कार्यालय के बाहर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। चीख-पुकार से बीजेपी कार्यालय में हड़कंप मच गया।

### जोधपुर में चुनावी रैली में गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत पर लगाए आरोप

# विधानसभा चुनाव से पहले मुझे जेल भेजने की थी तैयारी

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर से बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत का दर्द छलक उठा। उन्होंने कहा कि मेरे अपने ही मेरे मुंह पर कालिख पोत रहे हैं। विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जेल भेजने की तैयारी कर रहे थे। मां भगवती की कृपा रही अशोक गहलोत नाकाम हो गए। शेखावत पोकरण विधानसभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। संबोधन के दौरान बीजेपी प्रत्याशी भावुक हो गए। उन्होंने लोगों से पूछा कि मेरा संरक्षण कौन करेगा। युवा मेरे खिलाफ लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप मेरे अपने हो। मेरा घर और दफ्तर हमेशा आप लोगों के लिए खुले रहेंगे।

### गहलोत सरकार पर बोला हमला

राज्य सरकार को काम करना चाहिए था। अब हमारी सरकार आ गई है। सरकारी स्तर पर मेरी बात टालने की हिम्मत किसी में नहीं है। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आपके सारे काम जल्द पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत की सरकार ने फंसाने चक्रव्यूह रचा। वकीलों पर 40 करोड़ रुपये सरकार ने खर्च कर दिये। मैंने 5 साल तक लोगों से संघर्ष किया है विधानसभा चुनाव से 2 दिन पहले तक गहलोत सरकार जेल भेजने में लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि मेरे दरवाजे पर आए हुए हर शख्स की बात सुनी गई।



### चुनावी सभा में भावुक हुए केंद्रीय मंत्री

बता दें कि शेखावत के खिलाफ सोशल मीडिया पर पश्चिमी राजस्थान में पानी नहीं पहुंचाने का आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोकने वाला कोई नहीं है। मेरा जन्म जैसलमेर में हुआ है। आप लोग मेरा संरक्षण नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार को हजारों करोड़ का फंड दिलवाया। गहलोत सरकार ने फंड का इस्तेमाल नहीं किया। अब आप बताएं केंद्र सरकार की भी सीमाएं होती हैं। जल का विषय राज्य सरकार का है।

### कांग्रेस का स्वास्थ्य क्यों बिगड़ा

गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को अपने लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हेरिटेज वॉक में भागीदारी कर अपनी बात रखी। राजस्थान का स्वास्थ्य गहलोत सरकार ने ख़राब किया। आज राजस्थान में डबल इंजन सरकार है। जनता विकसित भारत के लक्ष्य में प्रतिभागी है। विकास रोकने वाले इन दिनों विकास-विकास चिल्ला रहे हैं क्योंकि जब सरकार में थे, तब विकास नहीं घोटाले किए। अब राजस्थान का स्वास्थ्य सुधर रहा है और कांग्रेस का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। वहीं पावटा पोलो स्थित जैन स्थानक जाकर आचार्य श्रीश्री 1008 हीराचन्द जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पाल के सांसद सेवा केन्द्र में दिनभर समाज के प्रतिनिधियों से मुलाक़ात हुई। देशकाल-परिस्थिति का ज्ञान रखने वाले सामाजिकजनों ने मोदी सरकार के प्रदर्शन को अपेक्षा से अत्यधिक बेहतर बताया। सभी मोदी जी को प्रचंड बहुमत पर एकमत हैं।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी पकड़ा

**बेधड़क** | चाकसू

कोटखावदा थाना इलाके में 28 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना अधिकारी अब्दुल वहीद ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी क्रांतिपाल सैनी निवासी नीमकाथाना जयपुर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

जबकि दूसरा आरोपी हंसराज मीणा पुत्र सुल्तान मीणा निवासी दौलतपुरा थाना झापदा जिला दौसा का रहने वाला है। जिस पर भी पीड़िता को मदद का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप था। पीड़िता के पिता ने थाने में 13 जनवरी 2024 को मुकदमा दर्ज कर मामले की जानकारी दी थी। जिस के बाद पुलिस ने कार्रवाई कर मुख्य आरोपी को तो पहले गिरफ्तार चुकी थी, वहीं हंसराज मीणा 2 महीने से फरार चल रहा था जिस पर डीसीपी साउथ जयपुर द्वारा 5 हजार का इनाम घोषित किया था। कोटखावदा थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी हंसराज की तलाश कर रही थी, जिसे अब जरिये मुखबिर दस्तीयाब कर गिरफ्तार करकें अनुसंधान जारी है। पुलिस में दर्ज मुकदमे के अनुसार पीड़िता जयपुर में रहकर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी, उसी दौरान मुख्य आरोपी क्रांतिपाल उसके संपर्क में आया और दोनों में दोस्ती के बाद आपस में मेलजोल बढ़ने लगा। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने युवती से दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो फोटो क्लिपिंग बना ली।

## आईएसआईएम में टेक फेस्ट मोजेक-मोंटेज का आयोजन

# आईटी में लगातार हो रहे बदलावों से अपडेट होना जरूरी: जोशी

### दो दिवसीय उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बेधड़क | जयपुर

इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट, टेक्निकल कैंपस (आईएसआईएम) मानसरोवर,जयपुर के मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर संकाय का संयुक्त मैनेजमेंट एवं दो दिवसीय टेक फेस्ट मोजेक- मोंटेज-2024 आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस उत्सव माला में देशभर के विभिन्न कॉलेज एवं यूनिवर्सिटीज ने उत्साह से हिस्सा लिया। संस्था निदेशक डॉ.अशोक गुप्ता ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एचडीएफसी बैंक की क्लस्टर हेड गरिमा जोशी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि आईटी क्षेत्र में जो निरंतर विकास व बदलाव आ रहे हैं, उनसे सीखने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि आईसीआईसीआई बैंक जयपुर के रीजनल हेड रोहित बेलावाला ने विद्यार्थियों से कहा कि अवसरों को पहचान कर उनका इस्तेमाल कॅरिअर में आगे बढ़ने के लिए करना चाहिए।







### पहले दिन हुए ये इवेंट्स

फेस्ट के पहले दिन मैनेजमेंट एंड आईटी क्विज, एडवरटाइजमेंट कॉम्पटिशन, वेब डिजाइनिंग प्रतियोगिता, पोस्टर कॉम्पटिशन, स्नेक्स एंड लैडर्स, शेयर ट्रेडिंग जैसी मैनेजमेंट एवं आईटी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। फेस्ट के दूसरे दिन वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता, सिंगिंग काम्पटिशन, आब्जेक्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने क्रिएटिविटी और टैलेंट का खूबसूरत संयोजन दर्शाया।

## Yuva स्टोरीज

### बच्चों को अवेयर किया गुड टच-बेड टच के बारे में



बेधड़क | जयपुर

मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में छोटे बच्चों की सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए "गुड टच और बैड टच" पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

"स्पर्श-सुरक्षित रहने के लिए एक अभिनव पहल" के माध्यम से बच्चों को "नो टच" क्षेत्रों को पहचानना और अजनबियों से व्यवहार सिखाया गया। सत्र में एक सुरक्षित घेरा बनाने के महत्व पर जोर दिया गया और बच्चों को अपनी सुरक्षा करने के लिए सशक्त बनाया गया। सत्र के अंत में प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने बताया कि आज के समय में बच्चों को सही टच की जानकारी होना जरूरी है, इससे बच्चो के प्रति होने वाले अपराधो को रोका जा सकता है।

### ज्योतिषियों का समागम, नववर्ष व पंचांग का पूजन




बेधड़क | जयपुर

ज्योतिष वेद-वेदांग संस्कृत संस्थानम एवं श्री दिगम्बर जैन आचार्य महाविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम नवसंवत्सर व पंचांग पूजन का आयोजन रविवार को श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हजारी लाल बैरवा सयुंक्त निदेशक संस्कृत शिक्षा विभाग, मुख्य वक्ता लाल बहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर डॉ .परमानंद भारद्वाज ज्योतिष के परिप्रेक्ष्य में विवाह पर अपने ज्ञान से सहभागियों को लाभान्वित किया।

संस्थान की अध्यक्ष आचार्य कीर्ति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गलता पीठाधीश्वर महाराज अवधेशाचार्य के शुभाशीर्वाद के साथ हुआ कार्यक्रम में गुजरात, वाराणसी, उदयपुर भोपाल, अजमेर से महाविद्यालय एवं विश्विद्यालय के छात्र और प्रोफेसर ने भी अपने शोधपत्र वाचन से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से किए। प्रो. मोहन लाल शर्मा ने ज्योतिष के परिप्रेक्ष्य में विवाह योगों पर प्रकाश डाला।

## मणिपाल यूनिवर्सिटी में कैंपस फ्रांस का कार्यक्रम

# फ्रांस के 15 शीर्ष संस्थानों ने बताए शिक्षा के क्षेत्र में अवसर




बेधड़क | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय सहयोग निदेशालय, मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर ने कैंपस फ्रांस के सहयोग से मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में एक मेगा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मेले की मेजबानी की। फ्रांस के 15 शीर्ष संस्थानों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अवसरों की विविध श्रृंखला के बारे में जानकारी दी। यह आयोजन फ्रांसीसी संस्थानों और मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों, संकाय आदान-प्रदान और छात्र गतिशीलता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की दिशा में पहला कदम है।

इस कार्यक्रम में भारत में फ्रांस के दूतावास के अकादमिक और वैज्ञानिक सहयोग के अटैची, कमांडर डॉ. फैबियन चारिक्स मुख्य अतिथि थे। कमोडोर (डॉ.) जवाहर मल जांगिड़, प्रो-प्रेसिडेंट, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर, प्रोफेसर संतोष पाटिल, निदेशक, अंतरराष्ट्रीय सहयोग निदेशालय, कैंपस फ्रांस के प्रतिनिधि शुभ्रा शर्मा, शगुन हांडा, मिशिका गोयल, विभिन्न फ्रांसीसी संस्थांओं के प्रतिनिधि और अलायंस फ्रैंकेइस डी जयपुर से सुरभि जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ.अरुण कुमार पूनिया ने तमाम आगंतुकों का स्वागत किया।

### फ्रांस उच्च शिक्षा के लिए बेहतर

इस अवसर पर कमोडोर (डॉ.) जवाहर मल जांगिड़ ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे फ्रांस उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने छात्रों को शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ अधिक बातचीत करने और उनके द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति और कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित किया। प्रो. फैबियन ने फ्रांस द्वारा अपनाए गए शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण में बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये सभी कार्यक्रम अंग्रेजी में उपलब्ध हैं, और इसलिए फ्रेंच भाषा की कमी छात्रों के लिए कोई समस्या नहीं हो सकती है। उन्होंने इस बात की वकालत की कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष प्रबंधन शिक्षा या बी-स्कूलों में से अधिकांश फ्रांस से हैं, और फ्रांस प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ मानविकी, डिजाइनिंग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जबरदस्त अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

### ये भी रहे मौजूद

प्रोफेसर संतोष पाटिल ने एमयूजे में ऐसे आयोजनों के महत्व और एमयूजे में गुणवत्तापूर्ण अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ.मोहित जैन, डॉ.मनमोहन शर्मा, डॉ.शुभा दुबे, डॉ.साक्षी श्रृंगी, डॉ.स्नेहा ठाकुर, सुनीता सैनी और एमयूजे के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ के लगभग 30 छात्र स्वयंसेवकों ने आयोजन की सफलता में योगदान दिया।





### यूनिवर्सिटी करा रही सांपों का कोर्स

## एक्सपर्ट बनने के लिए है 1 साल का पीजी डिप्लोमा




#### इस कोर्स में 100 नंबर का प्रैक्टिकल भी

बेधड़क | जयपुर

सांपों में अगर आपको दिलचस्पी है तो इसमें एक्सपर्ट बन सकते हैं। दरअसल, कोटा यूनिवर्सिटी रेप्टिलियन साइंस में एक साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स कराती है। खास बात है कि इस तरह के कोर्स देश की बहुत कम यूनिवर्सिटी में उपलब्ध हैं। इस कोर्स में सांपों का रेक्यू, सर्प दंश पर उपचार, सर्प की प्रजातियों की जानकारी, व्यवहार आदि की जानकारी दी जाती है। कोटा यूनिवर्सिटी के लाइफ साइंस डिपार्टमेंट में चलने वाला यह कोर्स साल 2023 में ही शुरू हुआ है।

#### दो सेमेस्टर का है कोर्स

पीजी डिप्लोमा इन रेप्टिलियन साइंस कोर्स दो सेमेस्टर का है, जिसमें कुल तीन पेपर होंगे। इस कोर्स में 100 नंबर का प्रैक्टिकल भी होगा, जिसमें सांपों के रेस्क्यू और सर्प दंश से उपचार आदि के बारे में प्रैक्टिकल कराया जाएगा।

#### इतनी फीस है कोर्स की

कोटा यूनिवर्सिटी में पीजी डिप्लोमा रेप्टिलियन साइंस कोर्स की एडमिशन फीस 12000 रुपए है। अधिक जानकारी के लिए कोटा यूनिवर्सिटी का प्रॉस्पेक्ट्स चेक कर लें।

#### कौन ले सकता है एडमिशन

पीजी डिप्लोमा इन रेप्टिलियन साइंस कोर्स में एडमिशन के लिए बायो, मैथमेटिक्स, एग्रीकल्चर फॉरेस्ट्री, कंप्यूटर, साइंस, एमबीबीएस, बीवीबीएस, बीटेक आदि डिग्री होनी चाहिए। ग्रेजुएशन में कम से कम 55 फीसदी मार्क्स होने जरूरी हैं। हालांकि, राजस्थान से बाहर के उम्मीदवारों के मार्क्स 60 फीसदी होने चाहिए। इस कोर्स में एडमिशन मेरिट के आधार पर होता है।

## चर्चा | तक्षशिला बिजनेस स्कूल में टेड-एक्स 2024 का आयोजन

# समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए स्पीकर्स ने दिए सुझाव

### देशभर से 21 वक्ताओं ने अपने अनुभव किए साझा

बेधड़क | जयपुर

तक्षशिला बिजनेस स्कूल में टेड-एक्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर से 21 से अधिक वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में आईपीएस, अभिनेता, डॉक्टर और प्रसिद्ध व्यवसायिक हस्तियां शामिल थीं, जिन्होंने अपने ज्ञान वर्धक विचारों से स्टूडेंट्स को प्रेरित किया। नए दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि को आत्मसात करने के लिए उत्सुक दर्शकों के साथ, वक्ताओं ने विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की और समसामयिक चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत किए। प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के अंतर्संबंध की खोज से लेकर टिकाऊ व्यवसायिक प्रथाओं की वकालत करने तक, प्रत्येक वक्ता इस कार्यक्रम में विशेषज्ञता और जुनून का एक अनूठा मिश्रण लेकर आए। उद्यमी और राइटर इंद्राणी मुखर्जी ने भी अपनी नई किताब के बारे में खुलकर बातचीत की और उन्होने कहा कि स्टूडेंट को सपने देखने का पूरा हक़ है और उन्हें पूरा करने के लिए उन्हें संघर्ष करना चाहिए।



### कंटेंट दमदार है तो लोग जरूर पसंद करेंगे

भोपाल से आईं कंटेंट क्रिएटर आरसी ख़ान ने स्टूडेंट्स को बताया कि अगर कंटेंट दमदार होगा तो लोग जरूर पसंद करेंगे उन्होंने कहा कि हमें अपना पेशेंस नहीं खोना है, और लगातार अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य करना होगा। जहां कुछ वक्ताओं ने सकारात्मक बदलाव लाने और समुदाय को जोड़ने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का लाभ उठाने के लिए रण-नीतियों को साझा किया, जबकि अभिनेताओं ने लचीलापन और रचनात्मकता की कहानियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉक्टरों ने समग्र दृष्टिकोण और रोगी-केंद्रित देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए स्वास्थ्य देखभाल के भविष्य पर अंतर्दृष्टि प्रदान की। इस बीच, व्यवसायिक हस्तियों ने वैश्विक वाणिज्य के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में अपने अनुभव साझा किए और इच्छुक उद्यमियों को अमूल्य सलाह दी।

### स्टूडेंट्स से सवाल-जवाब

बिजनेस स्कूल के डीन रजत बोरा एवं किशोर शर्मा ने बताया कि बताया कि बिजनेस स्कूल की ओर से प्रत्येक वर्ष तक में टैडएक्स का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में देश भर के ब्लॉगर, स्पीकर, योग गुरु मोटिवेशनल स्पीकर आध्यात्मिक धर्म गुरु एवं फैशन एवं बिजनेस इंडस्ट्री से जुड़े टाइकून, बिजनेसमैन स्टूडेंट्स से रुबरू हुए और उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वे किस तरह से आज इस मुक़ाम पर पहुंचे हैं, उन्होंने से स्टूडेंट्स सवाल जवाब भी पूछे।

### लड़कियों को भी सपने देखने का हक़

आध्यात्मिक गुरु इन्द्रेश उपाध्याय ने कहा कि स्टूडेंट्स को शॉर्टकट नहीं अपनाना चाहिए साथ ही साथ ही उन्हें किसी भी चीज के प्रति बहुत ज्यादा आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। मॉडल एवं ब्लॉगर अन्वेषी जैन ने कहा कि छोटे शहरों से आने वाले लड़के लड़कियों को भी सपने देखने का हक़ है। उन्होंने कहा कि वे मध्य प्रदेश के छतरपुर गांव के एक छोटे से मध्यम वर्गीय परिवार से आती हूँ, मेरी इच्छा थी की मैं एक बिजनेस करूं, लेकिन मेरे घर वाले मुझे इंजीनियरिंग कराना चाहते थे, जिससे की मेरी शादी अच्छी हो सके, इंजीनियरिंग करने के बाद मैंने एक शॉप ओपन की जो घर वालों को पसंद नहीं आया और मुझे उसे बंद करना पड़ा, फिर मैं बतौर होस्ट काम शुरू की। लेकिन इस बीच मैंने डिप्रेशन को झेला, उसके बाद फिर से खुद को खड़ा किया और सफल हुई। वक्ताओं में वरुण कपूर आईपीएस, विक्रांत खंडेलवाल समेत अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मतपत्र से चुनाव कराने का रास्ता ढूंढ़ रहे हैं दिग्विजय



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

> मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने इस बार भाजपा के उम्मीदवारों पर शिकंजा कसने की कवायद की है। इसी क्रम में दिग्विजय सिंह को 33 साल बाद राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां से भाजपा ने वर्तमान सांसद रोडमल नागर को तीसरी बार जंग में उतारा है, वे 10 साल से सांसद हैं। ऐसे में उनके विरुद्ध जनता में एंटी इंकबैंसी भी दिखाई दे रही है। सिंह ने इस क्षेत्र में न केवल अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं, बल्कि राधौगढ़ में बड़ा खाद कारखाना एनएफएल और एलपीजी रसोई गैस के भरने का कारखाना भी लगवाया है। सिंह जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने अपने 10 वर्शीय कार्यकाल में सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के भी कार्य किए थे।

मध्यप्रदेश के राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो भाजपा को कारगर एवं करारी चुनौती देने का तार्किक मार्ग तलाशते रहे हैं। इस नाते उन्होंने सही दिशा में सार्थक पहल करने की ओर कदम उठाया है। सिंह ने कहा है कि वे 400 लोगों से उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कराने का प्रयत्न कर रहे हैं, ताकि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में चुनाव ईवीएम मशीन की बजाय मतपत्र से कराया जाना संभव हो सके। सिंह ने यह बात सुसनेर के कचनारिया गांव में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करने के दौरान लोगों से सवाल-जवाब की शैली में कही। उन्होंने जनता से पुछा कि वे कैसे वोट देना चाहते हैं, ईवीएम से या मतपत्र से? भीड़ ने मतपत्र से चुनाव कराने के नारे लगाते हुए उनके प्रश्न का उत्तर दिया। तब सिंह ने कहा कि यदि इस क्षेत्र में 400 उम्मीदवार खड़े हो जाएं, तब मतपत्र से चुनाव संभव हो सकता है। मैं इसकी तैयारी में लगा हूं। हालांकि इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ के पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेष बघेल भी मतपत्र से चुनाव कराने के प्रबंध में लगे हैं।

देश का लगभग संपूर्ण विपक्ष ईवीएम से चुनाव कराने का विरोध कर रहा है। क्योंकि उसे आशंका है कि इसके सॉफ्टवेयर में कुछ ऐसी व्यवस्था कर दी जाती है, जिसके चलते कांग्रेस या अन्य दल के प्रत्याशी को दिया वोट भाजपा उम्मीदवार के खाते में चला जाता है। ईवीएम के इस्तेमाल के समय से ही इसका विरोध हो रहा है। हालांकि कुछ सीमित इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों में तो हेराफेरी का प्रबंध करना संभव है, लेकिन 10 लाख से भी ज्यादा मशीनों में यह प्रबंध हो जाए, यह कोरी कल्पना के अलावा कुछ नहीं है। इस बहाने जीते हुए दल को कठघरे में खड़ा करके हारे हुए दल कुछ समय के लिए अपनी लाज भर बचा लेते हैं। दरअसल भारत की निर्वाचन प्रक्रिया इतनी जटिल और लाखों हाथों व लाखों आंखों से गुजरती है कि व्यापक स्तर पर यह गड़बड़ी किसी भी हाल में संभव नहीं है। फिर मतदान की प्रक्रिया भी ही कोई एक यूनिट से नहीं बल्कि तीन मशीन यूनिट से गुजर कर संपन्न होती है। ऐसे में इस तार्किक उपाय दिग्विजय सिंह ने सुझाया है। इस पर 50 संसदीय क्षेत्रों में अमल हो तो यह परीक्षण किया जा सकता है कि वाकई सच्चाई क्या है? लेकिन वर्तमान चुनावी व्यवस्था में इस सुझाव पर अमल अत्यंत कठिन हैं।

दिग्विजय सिंह का कहना है कि मैं राजगढ़ से 400 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल कराने की तैयारी में लगा हूं। फिलहाल मतपत्र से चुनाव कराने का एकमात्र यही रास्ता है। दरअसल वर्तमान में समान्य वर्ग के उम्मीदवार को 25,000 रुपए की जमानत राशि और आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों को 12,500 रुपए की राशि जमा करनी होती है। साथ ही अपनी चल-अचल संपत्ति और यदि कोई आपराधिक प्रकरण चल रहे चल रहे हों तो उनकी भी जानकारी आवेदन के साथ संलग्न करनी जरूरी है। इनको एकत्रित करने में समय और धन खर्च होते हैं। यदि सिंह 400 नामांकन भरवा देते हैं तो राजगढ़ में मतपत्र से चुनाव कराना आयोग की वैधानिक मजबूरी हो जाएगी। प्रत्येक ईवीएम में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में नोटा सहित अधिकतम 384 उम्मीदवार हो सकते हैं। एक बैलेट यूनिट में नोटा सहित अधिकतम 16 उम्मीदवारों के नाम व चुनाव चिन्ह दर्ज हो सकते हैं और ऐसी 24 इकाइयों को एक साथ नियंत्रण और क्रिक्रिया इकाई से जोड़ा जा सकता है।

दिग्विजय सिंह अपने संसदीय क्षेत्र में वादा निभाओ पदयात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा में वे भाजपा द्वारा घोषणा-पत्र में किए वादों में से जो वादे पूरे नहीं हुए, उन्हें मतदाताओं के सामने तार्किक ढंग से उठा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि भाजपा ने लाडली बहनों को 3000 रुपए देने और रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपए में देने का वादा किया है, चार माह में ये वादे क्यों पूरे नहीं हुए ? साथ ही सिंह चुनावों में ईवीएम से चुनाव कराने का जबरदस्त विरोध कर रहे हैं। भाजपा की जीत के लिए भाजपा की जीत के लिए सिंह ईवीएम को ही जुम्मेबार ठहरा रहे हैं। इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम को बाधित करने के कदम के बारे में बोलने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बघेल राजनांदगांव से कांग्रेस उम्मीदवार है। पत्र में भाजपा नेता ने बघेल पर पार्टी कार्यकर्ताओं से यह कहने का आरोप लगाया है कि यदि 384 से अधिक उम्मीदवार एक सीट से चुनाव लड़ते हैं तो निर्वाचन आयोग मतपत्र के माध्यम से चुनाव कराने के लिए बाध्य हो जाएगा। शिकायतकर्ता ने इसे निर्वाचन आयोग के खिलाफ अनुचित बताते हुए आचार संहिता का उल्लंघन माना है। दोनों पूर्व मुख्यमंत्री अपने मकसद में सफल हो पाते हैं या नहीं यह तो नामांकन दाखिल प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद पता चलेगा, लेकिन उन्होंने ईवीएम के विरोध का लोकतांत्रिक गांधीवादी उपाय पर अमल करने की कोशिश जरूर की है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### भारत के महान क्रांतिकारी वीरवर मंगल पाण्डेय के जन्मदिवस पर विशेष

# स्वाधीनता संग्राम के पहले बलिदानी थे मंगल



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> मंगल पाण्डेय भारत के प्रथम क्रांतिकारी, प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी और स्वाधीनता की वेदी पर अपनी आहुति देने वाले प्रथम बलिदानी के रूप में विख्यात हो गए। मात्र 30 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने जीवन को देश के नाम बलिदान कर दिया था। भारत में प्रथम बार मंगल पाण्डेय के नाम के पूर्व बलिदानी अर्थात शहीद शब्द का प्रयोग किया गया। इस घटना का दूसरा असर यह हुआ कि मंगल पाण्डेय के द्वारा शुरू किया अंग्रेजों के विरुद्ध यह विद्रोह शीघ्र ही सम्पूर्ण देश में जंगल की आग की भांति फ़ैल गया।

711 ईस्वीं के बाद मुगल लुटेरों के छिट -पुट आक्रमणों के मध्य भारी मात्रा में संपति की लूट के साथ ही भारत में अपनी बादशाहत कायम करने के पश्चात भी भारत की समृद्धता को देखकर ब्रिटिश साम्राज्य के वफादार, चतुर व्यापारी भारत में आए तो व्यापार करने थे, लेकिन इस देश में चल रही राजा- महाराजाओं के आपसी फूट ने उनमें इस पर राज करने की इच्छा जागृत कर दी। अंग्रेजों ने येन -केन-प्रकारेण अपनी इस इच्छा की पूर्ति हेतु हर हथकंडे अपनाए और देश को अपनी मुट्ठी में कर भारतीय दासता काल को लंबी अवधि प्रदान करंने के लिए भारतीयों पर कठोरं जुल्म ढाए। ईस्ट इंडिया कंपनी की रियासत व राज्य हड़प और ईसाई मिशनरियों द्वारा जबरन धर्मान्तरण आदि की नीति ने भारतीयों के मन में शीघ्र ही ब्रिटिश शासकों के प्रति नफरत पैदा कर दी। और सन 1757 ईस्वी से ब्रिटिश के गुलाम बने भारत में सौ वर्षों बाद ही इस दासता से मुक्ति के लिए सामूहिक संघर्ष करने की स्थितियां बनने लगीं। 1857 ईस्वी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को जन-जन का मुक्ति संग्राम बनाने के लिए तत्कालीन भारतीय स्वाधीनता सेनानियों ने बड़े ही व्यापक पैमाने पर तैयारी भी किया था। इस समवेत मुक्ति संग्राम को आरम्भ करने की तिथि भी इसके रणनीतिकारों द्वारा 31 मई 1857 निर्धारित की गई थी। लेकिन इस तिथि से दो माह पूर्व ही गंगा की उर्वर भूमि में पड़ा क्रान्ति बीज फूट पड़ा। और 29 मार्च 1857 को कलकता के बैरकपुर छावनी में इस संग्राम के अग्रणी आगरा-अवध प्रान्त वर्तमान उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले अब बलिया जिला की बलिया तहसील के नगवा गांव निवासी अंग्रेजी फौज की 34 नम्बर देशी सेना की 39वीं पलटन के 1446 नम्बर सिपाही मंगल पाण्डेय ने ब्रिटिश सेना के दो अधिकारियों मि. बॉफ और मि. ह्यूसन को मौत के घाट उतार कर स्वाधीनता की बलिवेदी पर अपना स्थान आरक्षित कर लिया। इस आरोप में अंग्रेजी सरकार ने 6 अप्रैल 1857 को न्यायालय में दिए गए फैसले के अनुसार 18 अप्रैल 1857 को मंगल पाण्डेय को फांसी दिए जाने की घोषणा की। लेकिन मंगल पाण्डेय के डर से 8 अप्रैल 1957 को ही आंग्ल शासकों ने उन्हें फ़ांसी पर चढा दिया। जिससे मंगल पाण्डेय भारत के प्रथम क्रांतिकारी, प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी और स्वाधीनता की वेदी पर अपनी आहुति देने वाले प्रथम बलिदानी के रूप में विख्यात हो गए। मात्र 30 वर्षों की उम्र में उन्होंने अपने जीवन को देश के नाम बलिदान कर दिया था। भारत में प्रथम बार मंगल पाण्डेय के नाम के पूर्व बलिदानी अर्थात शहीद शब्द का प्रयोग किया गया। इस घटना का दूसरा असर यह हुआ कि मंगल पाण्डेय के द्वारा शुरू किया अंग्रेजों के विरुद्ध यह विद्रोह शीघ्र ही सम्पूर्ण देश में जंगल की आग की भांति फ़ैल गया। इस आग को अंग्रेजों ने बुझाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन मंगल पाण्डेय की बलिदान की कहानी के प्रशस्तीकरण से देश के प्रत्येक नागरिक के अंदर यह आग भड़क चुकी थी, जिसके कारण 1947 में यह देश छोड़कर उन्हें भागना पड़ा।

महान क्रांतिकारी वीरवर मंगल पाण्डेय का जन्म 19 जुलाई 1827 को आगरा व अवध के नाम से प्रसिद्ध तत्कालीन संयुक्त प्रान्त वर्तमान उत्तरप्रदेश के बलिया जिले में स्थित नगवा गांव के एक सामान्य परंतु प्रतिष्ठित सरयूपारीण ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मंगल पाण्डेय सन 1849 में 22 वर्ष की उम्र में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में शामिल हो गए। मंगल पाण्डेय बैरकपुर की सैनिक छावनी में 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री की पैदल सेना में एक सिपाही थे। वे सामान्य रूप में अपनी सेना की सेवा में कर्तव्यनिष्ठ थे। वे अति महत्वकांक्षी व्यक्ति थे। वे अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा व लगन से करते थे। उनकी इच्छा भविष्य में एक बड़ा कार्य करने की थी। लेकिन जब कंपनी की सेना की बंगाल इकाई में एनफील्ड पी.53 राइफल में नई कारतूसों का प्रयोग शुरू हुआ तो मामला बिगड़ गया। इन कारतूसों को बंदूक में डालने से पूर्व मुंह से खोलना पड़ता था। इस बीच भारतीय सैनिकों के बीच ऐसी खबर फैल गई कि इन कारतूसों को बनाने में गाय तथा सूअर की चर्बी का प्रयोग किया जाता है। उनके मन में यह बात घर कर गई कि अंग्रेज हिन्दुस्तानियों का धर्म भ्रष्ट करने को तुले हुए हैं, क्योंकि यह हिन्दू और मुसलमान दोनों के लिए क्रमशः धर्मभ्रष्ट करने वाला और नापाक था। फलस्वरूप भारतीय सैनिकों में अंग्रेजों के प्रति विद्रोह की भावना बलवती होने लगी। जिसके कारण समवेत मुक्ति संग्राम को आरम्भ करने के लिए निर्धारित तिथि 31 मई 1857 के पूर्व ही 29 मार्च 1857 को भारतीय सैनिक मंगल पाण्डेय ने ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला कर दिया। और दो ब्रिटिश अधिकारियों को मार गिराया। उस समय यह पहला अवसर था, जब किसी भारतीय ने ब्रिटिश अधिकारी पर हमला किया था। हमले के कुछ समय बाद ही उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई और कुछ दिन बाद उन्हें फांसी दे दी गई, लेकिन फांसी देने के बाद भी ब्रिटिश अधिकारी उनके पार्थिव शरीर के पास जाने से भी डर रहे थे। इसी कारण भारत में मंगल पाण्डेय आज भी एक महान क्रांतिकारी के नाम से प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने ब्रिटिश कानून का विरोध किया। मंगल पाण्डेय चर्बी युक्त कारतूसों के विरुद्ध थे। उन्हें यह भली-भांति पत्ता था कि ब्रिटिश अधिकारी भारतीय हिन्दू सैनिकों और ब्रिटिश सैनिकों में भेदभाव करते थे। इससे परेशान होकर उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों से लड़ने का बीड़ा उठाया था। और भारत के एक वीर पुत्र ने स्वाधीनता संग्राम के यज्ञ में अपने प्राणों की आहुति दे दी। वीर मंगल पाण्डेय के पवित्र प्राणहव्य को पाकर स्वातंत्र्य यज्ञ की लपटें भड़क उठीं। क्रांति की ये लपलपाती हुई लपटें अंग्रेजों को लील जाने के लिए चारों ओर फैलने लगीं। मंगल पाण्डेय द्वारा सुलगाई गई स्वाधीनता संग्राम की यह ज्वाला अंग्रेजों के लाख प्रयासों के बाद भी नहीं बुझी। इसके ठीक एक महीने बाद ही 10 मई 1857 को मेरठ की छावनी में कोतवाल धनसिंह गुर्जर के नेतृत्व में बगावत हो गई। ओर गुर्जर धनसिंह कोतवाल इसके जनक और नायक के रूप में सामने आए। और देखते ही देखते यह संग्राम पूरे उत्तरी भारत में फैल गया। जिससे अंग्रेजों को स्पष्ट संदेश मिल गया कि अब भारत पर राज्य करना उतना आसान नहीं है, जितना वे समझ रहे थे। मंगल पाण्डेय ने स्वाधीनता संग्राम की ज्वाला भारत में धधकाई थी, जिसने बाद में एक भयंकर रूप धारण कर लिया। और अंत में भारतीयों से हारकर अंग्रेजों को भारत छोड़ भागना ही पड़ा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**



### नॉलेज कॉर्नर: पहली बार 2013 में हुआ नोटा का प्रयोग

# नोटा को सबसे ज्यादा वोट मिलें, तो विजेता कौन?

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग होगी। राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी मैदान में अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। अब इनकी किस्मत का फैसला 19 अप्रैल को वोटिंग में होगा। लेकिन अगर किसी वोटर को अपने निर्वाचन क्षेत्र से खड़े सभी कैंडिडेट्स में से कोई भी ठीक न लगे? ऐसे वोटर्स के लिए चुनाव आयोग नोटा (नोटा) का विकल्प लेकर आया था। आइए समझते हैं कि चुनावों में नोटा का क्या रोल होता है और अगर सबसे ज्यादा वोट नोटा को पड़ते हैं तो क्या होता है। नोटा का मतलब है None of the above यानी 'उपरोक्त में से कोई नहीं'। ईवीएम मशीन का इस्तेमाल तो काफी पहले से हो रहा है, लेकिन उसमें नोटा का बटन पिछले दशक से ही शामिल हुआ है। पहली बार 2013 में 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में नोटा को पेश किया गया था।

## लोकतंत्र में नोटा की क्या अहमियत है?

लोकतंत्र में नागरिकों का बड़ी संख्या में चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेना जरूरी होता है। यह एक सजीव लोकतंत्र का प्रतीक होता है। लेकिन क्या होगा अगर वोटर को कोई भी उम्मीदवार योग्य न लगें? इसी बात को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने एक ऐसा तंत्र विकसित किया जिससे यह दर्ज हो सके कि कितने फीसदी लोगों ने किसी को भी वोट देना उचित नहीं समझा है। आयोग ने इसे नोटा नाम दिया। नोटा से आम जनता की चुनाव में राजनीतिक भागीदारी बढ़ती है। इस विकल्प से वोटर




अपनी नापसंदगी जाहिर कर सकता है। इससे पार्टियों को भी मैसेज मिलता है कि उनके द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों को लोग स्वीकार नहीं करते हैं और उन्हें बेहतर कैंडिडेट उतारने की जरूरत है। नोटा से पहले तक अगर वोटर को कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं लगता था, तो वो वोट ही नहीं करता था। इससे उनका वोट जाया हो जाता था।

## नियमों में समय-समय पर बदलाव

नोटा के नियमों में समय-समय पर बदलाव हुए हैं। शुरूआत में नोटा को अवैध वोट माना जाता था। यानी कि अगर नोटा को बाकी सभी उम्मीदवारों से ज्यादा वोट मिलते हैं, तो दूसरे सबसे ज्यादा वोट पाने वाले उम्मीदवार को विजेता घोषित कर दिया जाता था। आखिरकार, 2018 में देश में पहली बार नोटा को भी उम्मीदवारों के बराबर का दर्जा दिया गया। दरअसल, दिसंबर 2018 में हरियाणा के पांच जिलों में हुए नगर निगम चुनावों में नोटा को सबसे ज्यादा वोट मिले थे। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके बाद चुनाव आयोग ने दोबारा चुनाव कराने का फैसला किया।

**काल्पनिक उम्मीदवार**

*2018 के एक ऑर्डर में नोटा को 'काल्पनिक चुनावी उम्मीदवार' का दर्जा दिया गया है। अगर किसी उम्मीदवार को 'काल्पनिक उम्मीदवार' यानी नोटा के बराबर वोट मिलते हैं, तो चुनाव लड़ रहे असल उम्मीदवार को विजेता घोषित किया जाएगा। अगर नोटा को बाकी सभी से ज्यादा वोट मिलते हैं तो फिर से चुनाव कराए जाएंगे। कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**व्यंग्य**

# हम जनसेवक हूं...



शैलेंद्र चौहान
व्यंग्यकार

मेरे देश के लोगों और लुगाइयों ... माताओं-पिताओं, भाइयों-भौजाइयों, बहनों-बहनोइयों आदि-आदि – हम आप सब लोगन का बहुत बहुत आभारी हूं। आप सब लोगन को यह जानकर बहुत खुशी होगी कि हम चुनाव में हो रहा हूं। किस्सा यूं रहा कि पहले हम सड़क पर पनवाड़ी चूनामल चौरसिया की "थड़ी" के सामने खड़ा होता था। फिर जब चूनामल ने उधार पान खिलाना बन्द कर दिया और पैसों के लिए झिक-झिक करने लगा तो हमें कोई उपाय नहीं सूझा और हम अपने शहर के जाने-माने नेता लूटाराम के यहां जाकर खड़ा हो गया। लूटाराम ने पूछा "भाया तू यहां क्यूं खड़ा है?" तो हमें झटपट उत्तर नहीं सूझा, बोल पड़े "बस खड़े होने को थोड़ी जगह चाहिए थी सो यहां खड़ा हो गया।" लूटाराम बोला "भाया खड़ा ही होना है तो रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की के सामने खड़ा होओ, राशन की दुकान पर खड़ा होओ, कोई भी छोटा-मोटा काम किसी सरकारी दफ्तर में निकल रहा होवे तो वहां दिनभर खड़ा रहो।" "लेकिन हमें तो वहां ऐसा कोई काम नहीं है, पहले से ही हम सालों वहां खड़ा रह-रह कर जब कभी कोई काम नहीं करवा सका तो अब काम की बात सोचूं भी कैसे? अब सोचना ही बन्द कर दिया है।" लूटाराम बोला, "बहुत बढ़िया! फिर तू इलेक्शन में खड़ा हो जा।" "इलेक्शन में ! लेकिन हम इलेक्शन में कैसे खड़ा हो सकता हूँ, हमरे पास तो पनवाड़ी का उधार चुकाने लायक भी पैसे नहीं हैं।" "तभी तो, तभी तो" लूटाराम चहका पूछा "तेरी क्वालीफिकेशन क्या है ? क्वालीफिकेशन यानि पढ़ाई-लिखाई ।" "तो जी मैट्रिक पास हूँ तीन साल में थर्ड डिवीजन से, इन्टर तो चार साल में भी नहीं कर पाया।" "फिट, एकदम फिट, आगे बोल ।" "आगे क्या बोलूं, और तो हम पढ़ ही नहीं सका।" "अरे पढ़ाई को मार गोली, और क्या-क्या एक्सपीरियंस है ?" "एक्सपीरियंस! कुछ खास नहीं, एक ठेकेदार के यहां काम किया था, एक दिन मजदूरों की मजदूरी से थोड़ी सी पी ली सो निकाल दिया गया। बजाज के यहां नौकरी की, एक पैंट पीस और एक शर्ट पीस पसन्द आ गई, अपने लिए सिलवा ली, उसने भी निकाल दिया। और दो एक जगह छुट-पुट काम-आम किया, लड़ाई-झगड़ा हुआ, निकाला गया।" "वेरी गुड, वेरी गुड, लड़ाई-झगड़ा में कभी जेल-वेल गया?" "हां दो बार गया, एक-एक महीने के लिए। एक बार मोहल्ले का पंसारी उधार के पैसे मांगने घर आ गया और भला बुरा कहने लगा, बात बरदास्त के बाहर हो गई तो उसके सर पर डंडा मार दिया! उसका स्साले का सर ही खुल गया। दूसरे केस में सरकारी डॉक्टर ने बिना पैसे लिए अम्मा को घर पर देखने से मना कर दिया तो उसका हाथ तोड़ दिया। दोनों केस में पुलिस ने सुलह-समझौता कराने और केस रफा-दफा करने के लिए पैसे माँगे। अब मेरे पास पैसे होते तो क्या था, कुछ ढंग का काम न करता, सो हवालात भेज दिया गया। कोई गवाह नहीं मिला, पनवाड़ी चूनामल ने मेरी जमानत कराई दोनों दफे, अब केस खारिज हो गए हैं ।" "बहुत बढ़िया, बहुत बढ़िया !" लूटाराम ने पूछा "भाया तू ये सब सच बोल रहा है न?" "जी झूठ बोलने से फायदा ही क्या है ? फिर आजकल तो ऐसी बहादुरी वाली चीजें प्रेस्टिज बढ़ाती हैं ।"

लूटाराम उठा उसने मुझे गले लगा लिया, बोला "तुम तो बहुत काम के आदमी हो । अब इतनी देर खड़े भी मत रहो कि पैर ही दुखने लगें। आओ बैठो, पान-वान खाओ, फिर चुनाव की रणनीति तय करते हैं।" "चुनाव की रणनीति!" "हां, क्या तुम्हें पता नहीं कि लोकसभा चुनाव होने वाले हैं ?" "वो तो पता है, क्या हमें आप के लिए प्रचार करना होगा ?" मैंने पूछा। लूटाराम बोला "नहीं, मेरे प्रचार के लिए तो बहुत से कार्यकर्ता हैं। मैंने एक नई क्षेत्रीय पार्टी बनाई है "लूटाराम धंधा पार्टी" यानी "एल.डी.पी.", राजनीति से अच्छा धंधा इस देश में कोई दूसरा है ही नहीं। समझ गए न! हमारा चुनाव चिह्न है "चाकू", जिसके खौफ से सब भोटर डरेंगे। वैसे हमने मांगा तो था पिस्तौल पर चुनाव आयोग ने दिया ही नहीं। तुम सदर क्षेत्र से एल डी पार्टी के उम्मीदवार होओगे।" हम तो बड़ा खुश हुआ जी यह सुनकर। कहां तो पनवाड़ी ने भी अपनी दुकान के आगे खड़े होने से मना कर दिया था, कहां लूटाराम जी ने हमें चुनाव का टिकिट दे दिया। तो भाइयों-बहनों अब मैं चुनाव में खड़ा हो गया हूं ।

लगे हाथ आपको बता दूं कि हमारी पार्टी में पूरा लोकतंत्र है। मान्यवर लूटाराम जी इस पार्टी के एकमात्र आजीवन अध्यक्ष हैं। सभी उम्मीदवारों की उनमें घनघोर आस्था है। उनके पास दस हजार लूट सैनिक हैं। हमारा मात्र एक उद्देश्य है "लूटो और मस्त रहो"। जैसे अंग्रेजों का था 'बांटो और राज करो' बाद में काले अंग्रेजों ने भी यही तो किया। यही हमारा एजेन्डा, यही हमारा घोषणा पत्र है। हम झूठे वायदे नहीं करते, हम झूठे नारे, घोषणाएं और सपने नहीं दिखाते। हम जो कहते हैं, वही करते हैं। न हम देश की भलाई की बात करते हैं, न जनता की। हम मात्र अपनी भलाई की बात करते हैं, जबकि जो लोग देश की भलाई की बात करते हैं, वे झूठ बोलते हैं, वे करते हैं वही हैं, जो हम कह रहे हैं। हम स्थिरता की बात नहीं करते, क्योंकि हमें पता है कि जो स्थिरता की बात करते हैं वे स्थिरता की आड़ में ज्यादा दिनों तक जनता को लूटना चाहते हैं। हम राष्ट्रवाद, राम मंदिर, की बात नहीं करते, क्योंकि किसी झूठ और ढोंग में हमारी कोई आस्था नहीं है, जिसकी आड़ में सब कुछ अपवित्र हो। ये बस सत्ता प्राप्ति में विश्वास रखते हैं। धार्मिक भावनाओं को भड़का कर वोट लेने से होता है। इन लोगों का असल धर्म यही होता है। हम धर्मनिरपेक्षता की भी बात नहीं करते क्योंकि हम जानते हैं धर्मनिरपेक्षता का मतलब, ढुलमुल होना है। जब जहाँ लाभ दिखे वहाँ चले जाओ। उसे सर्वधर्म समभाव बताओ।

हम अपराध मिटाने की बात नहीं करते, क्योंकि जो अपराध मिटाने की बातें करते हैं वे ही अपराधियों को धड़ल्ले से टिकट देते हैं। अपराधियों से उनकी कमाई होती है। हम भ्रष्टाचार की बात नहीं करते, इससे अच्छा तो दुनिया में कोई कर्म ही नहीं। जो भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं वे ही ऐसी बातें करतें हैं। इसलिए हे जनता- जनार्दन सुनो! मेरी कर-खुली प्रार्थना है कि जो लोग कदम-कदम पर झूठ बोलते हैं, छल करते हैं, उन्हें आप लोग वोट दे सकते हैं तो सफेद को सफेद और काले को काला कहते हैं, उन्हें आप वोट क्यों नहीं देंगे? आखिर हम सच्चे देश प्रेमी जो हैं। जनता की सेवा तो अपने आप हो जाती है। हम छोटी पार्टी हैं। जीतने वाली पार्टी से गठबंधन करने के बाद हम पक्का मंत्री बनूंगा और आप लोगन का पूरा बंटाधार करूंगा। प्रेम से बोलो- जय जनता, जय नेता।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
किसानों का ये प्यार,
तोड़ेगा सारे रिकॉर्ड इस बार...

### कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेताओं का पलटवार

# पार्टी की गारंटी से परेशान हैं पीएम मोदी, दे रहे हैं बेबुनियाद बयान: रमेश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उनकी गारंटी से परेशान हैं और अपनी कुर्सी को बचाने के लिए हताशा में बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, भारत के लोग प्रधानमंत्री के झूठ से अब थक चुके हैं। चार जून के बाद उन्हें लंबी छुट्टी पर जाना होगा।

यह भारत के लोगों की गारंटी है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी दस साल के अन्याय के बाद भारत के लोगों में एक नई उम्मीद जगा रही है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस की गारंटी समय की मांग है और यह देश के पीड़ित लोगों की आवाज है। उन्होंने



कहा, इस गारंटी कार्ड से परेशान प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिए हताशा में आधारहीन बातें कर रहे हैं।

### घोषणा पत्र क्रांतिकारी... हर भारतीय की आवाज: राहुल



दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी के घोषणापत्र को कई लोगों ने क्रांतिकारी बताया है और उन्होंने लोगों से घोषणापत्र को लेकर सोशल मीडिया के जरिये अपनी प्रतिक्रिया साझा करने का आग्रह किया। गांधी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने यह अपील की। राहुल गांधी ने रविवार सुबह एक वीडियो साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, मैंने यह वीडियो शनिवार रात 12:30 बजे बनाया था, लेकिन मेरी टीम ने सोचा कि देर रात होने की वजह से इसे अभी साझा नहीं किया जाए। इसलिए यह वीडियो मैं अब साझा कर रहा हूं क्योंकि संदेश अभी भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का घोषणापत्र हर भारतीय की आवाज है, अपने विचार सोशल मीडिया पर साझा करें। गांधी ने कहा कि उन्होंने तेलंगाना में रैली से वापस आने के बाद यह वीडियो बनाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें बताया कि यह एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है।

### बंगाल के लिए कांग्रेस के तीन और प्रत्याशी घोषित

कोलकाता। लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने पश्चिम बंगाल की तीन और सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। इनमें बनगांव, उलूबेरिया और घातल सीटें शामिल है। पार्टी ने बनगांव सुरक्षित सीट से प्रदीप बिश्वास और उलूबेरिया सीट से अजहर मलिक को टिकट दिया है। घातल सीट से पार्टी ने डॉ. पापिया चक्रवर्ती को मौका दिया है। ज्ञात रहे कि पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर से लड़ रहे हैं। टीएमसी ने उनके सामने क्रिकेटर यूसुफ पठान को उतारा है।

### पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा बीजद में शामिल

भुवनेश्वर। कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले ओडिशा के पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा रविवार को बीजद में शामिल हो गए। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि बीजद बेहरा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित केंद्रपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतार सकती है। बीजद के राज्यसभा सदस्य मानस नागराज और सस्मित पात्र की मौजूदगी में बेहरा ने पार्टी की सदस्यता ली।

### TMC नेताओं को धमका रही हैं एजेंसियां: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से कह रही हैं कि वे या तो भाजपा में शामिल हों या कार्रवाई का सामना करें। बनर्जी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा की शाखाओं की तरह काम कर रही हैं। पुरुलिया में एक चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने के लिए एनआईए, ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वे बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रहे हैं और घरों में घुस रहे है।

### गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' नेताओं का अनशन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता एक दिन के अनशन के लिए रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एकत्र हुए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय नागरिक इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। 'आप' की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने लोगों से केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में अनशन में शामिल होने की अपील की। केजरीवाल की गिरफ्तारी 'आप' को खत्म करने की भाजपा की साजिश का हिस्सा है। आप ने गिरफ्तारी के समय को लेकर भाजपा पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि वह केजरीवाल को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रही है।

### पीएम ने एक दिन में बिहार, बंगाल व MP में साधे सियासी समीकरण

# कांग्रेस-टीएमसी पर हमले तेज

*नवादा/जलपाईगुडी/ जबलपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रथम चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है और चुनाव प्रचार अभियान चरम की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा नीत राजग के 400 सीटों के विजय लक्ष्य को लेकर अपनी रैलियों का सिलसिला तेज कर दिया है। उन्होंने रविवार को बिहार के नवादा और पश्चिम बंगाल के जलपाईगुडी में चुनाव सभाओं को संबोधित किया और मध्य प्रदेश के जबलपुर में रोड शो किया। अपनी सभाओं में पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। नवादा में जनसभा में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लेकर तीखा सियासी प्रहार किया। वहीं, पश्चिम बंगाल में चुनाव सभा में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक सांसद चुनने का नहीं, यह सशक्त सरकार बनाने का चुनाव है।*

## लूटपाट और आतंक के लिए खुली छूट चाहती है TMC



**एजेंसी** | जलपाईगुड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुडी में चुनाव सभा में कहा कि संदेशखाली में जो हुआ, वह पूरा देश जानता है। संदेशखाली में माताओं-बहनों के साथ कितना बड़ा अत्याचार हुआ है, ये पूरे देश ने देखा है। हालात ये है कि हर मामले में यहां कोर्ट को दखल देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले। इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां यहां आती हैं, तो पश्चिम बंगाल सरकार उन पर हमले कराती है। पीएम मोदी की टिप्पणी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम पर शनिवार को भीड़ द्वारा कथित तौर पर हमले के बाद आई है। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब एनआईए की टीम ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में 2022 के विस्फोट मामले में दो मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था।

पीएम मोदी ने कहा, तृणमूल कांग्रेस कानून और देश के संविधान की अवहेलना कर रही है। वह अपने जबरन वसूली करने वाले और भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमले करवाती है।

### टीएमसी को सबक सिखाना जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार ने चाय बगानों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। गरीब कल्याण की योजनाओं पर पश्चिम बंगाल सरकार ब्रेक लगा देती है। इसलिए इस चुनाव में इन्हें सबक सिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं ने गरीब के जीवन को आसान बनाया है। गरीब का स्वाभिमान लौटाया है, उसका गौरव बढ़ाया है।

### ये सिर्फ ट्रेलर है, बहुत आगे जाना है

पीएम मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने जो विकास कार्य किया है, वो सिर्फ ट्रेलर है। अभी हमें देश को बहुत आगे ले जाना है, हमें भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाना है।

## जबलपुर : प्रधानमंत्री मोदी के रोड-शो में उमड़े लोग, मंच टूटा... 7 लोग घायल

**एजेंसी** | जबलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रविवार को अपने तूफानी चुनावी दौरे के दौरान जबलपुर में रोड शो किया। इस दौरान गोरखपुर क्षेत्र में बनाए गए दो मंच टूट गए, जिससे मंच पर मौजूद लोग नीचे गिर पड़े।

इस हादसे में पुलिसकर्मी समेत 7 लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्ची, एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों को फ्रैक्चर आया है, जबकि तीन महिलाओं को मामूली चोट आई है। दरअसल, पीएम मोदी की झलक पाने के लिए क्षमता से ज्यादा लोग मंच पर चढ़ गए। हालांकि पुलिस उन्हें समझाने में



जुटी रही। लेकिन लोग जबरदस्ती मंच पर चढ़ते रहे और उसके बाद यह हादसा हो गया। सीएससी गोरखपुर एचआर पांडे ने बताया कि रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग चढ़ गए। प्रधानमंत्री का काफिला जैसे ही आगे बढ़ा मंच टूटकर गिर गया। आधा दर्जन लोगों को चोटें आई।

### महिलाओं ने किया पारम्परिक नृत्य

रोड-शो के दौरान सड़क किनारे बने मकान की बालकनी व छत में भी बडी संख्या में लोग उपस्थित थे। रोड-शो के 1.2 किलोमीटर लंबे मार्ग के दौरान कई स्थानों में महिलाएं परंपरागत नृत्य करते और प्रधानमंत्री मोदी की आरती करते हुए दिखाई दीं। घरों में 'हमारा परिवार मोदी परिवार' के नारे के पोस्टर भी लगे हुए थे। सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री के स्वागत में बैनर-पोस्टर लगे हुए थे। प्रधानमंत्री भी पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के फूल को लहराते हुए तथा हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए नजर आए। रोड-शो के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित था।

## खरगे की टिप्पणी टुकड़े टुकड़े गैंग की मानसिकता

**एजेंसी** | नवादा(बिहार)

बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वो कहते हैं कि धारा 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है।

ये टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए।

### नीतीश की फिसली जुबान,4,000 सांसद होंगे आपके पक्ष में

सभा में पीएम के भाषण से पहले सीएम नीतीश कुमार ने एनडीए के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील। हालांकि अपने भाषण के दौरान नीतीश कुमार की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दसवां साल चल रहा है, आगे भी इनकी सरकार रहेगी. हमको पूरी उम्मीद है कि 4,000 से ज्यादा एमपी इनके पक्ष में रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इस बार चुनाव में राजग के लिए 400 सीटों का लक्ष्य रखा है।

### J&K: पीडीपी के तीन प्रत्याशी घोषित

## अनंतनाग-राजौरी में होगी महबूबा मुफ्ती व आजाद में टक्कर

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनावों में इस बार दिग्गज नेताओं के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)ने रविवार को कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी।

ज्ञात रहे कि इसी सीट से डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। दोनों ही नेता जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। ऐसे में अनंतनाग-राजोरी सीट राज्य की सबसे हॉट



सीट बन गई है और मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। इसके साथ ही पीडीपी ने श्रीनगर सीट से वहीद उर रहमान पर्रा और बारामुला सीट से फैयाज अहमद मीर को मैदान में उतारा है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अनंतनाग-राजोरी सीट से कंगन से पूर्व विधायक मियां अल्ताफ को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

### भाजपा के पत्ते खुलने बाकी

गौरतलब है कि 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनावों के लिए अभी तक केवल तीन पार्टियों ने अनंतनाग-राजोरी सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। अभी भाजपा के पत्ते खुलने बाकी हैं।

### तेजस्वी यादव का सियासी प्रहार, कहा-

## क्या BJP का विरोध करना भगवान का विरोध है!

**एजेंसी** | पटना



विपक्षी दलों पर सनातन धर्म के खिलाफ होने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोपों पर कड़ी आपत्ति करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा के नेता अपने आपको क्या भगवान समझते हैं, उनका विरोध करना क्या भगवान का विरोध करना है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि जनता के असंतोष और लोकसभा चुनाव पर इसके संभावित प्रभाव ने प्रधानमंत्री को डरा दिया है, और यही कारण है कि जीत का दावा करने के बावजूद वह गहन प्रचार कर रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि नवादा के भाषण में प्रधानमंत्री ने उन मुद्दों पर जवाब नहीं दिया जो उन्होंने सुबह-सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट में उठाए थे। तेजस्वी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री से पूछा था, वो भाजपा के संस्थागत, संगठित और व्यवस्थित भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए हमेशा विपक्ष और विपक्षी नेताओं को ही भ्रष्टाचारी तथा घोटालेबाज क्यों बताते रहते हैं। उन्होंने कहा था, प्रधानमंत्री बताएंगे कि कैसे विपक्ष के सभी कथित भ्रष्टाचारी नेता ईडी, सीबीआई एवं आईटी विभाग की मदद से भाजपा में शामिल हुए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री बताएंगे कि क्यों जांच एजेंसियां भाजपा नेताओं के घर छापा नहीं मारती, उनकी जांच क्यों नहीं होती।

### कांग्रेस नेता को प्रशांत किशोर ने दी नसीहत

# अपेक्षित परिणान न मिलें तो राहुल अपने कदम पीछे खींचने पर करें विचार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि यदि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं तो राहुल गांधी को अपने कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। गांधी, सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्ष में अपेक्षित परिणाम नहीं देने के बावजूद वह न तो रास्ते से हट रहे हैं और न ही किसी और को आगे आने दे रहे हैं। मेरी नजर में यह अलोकतांत्रिक है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रशांत किशोर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया गांधी के राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिंह राव को कार्यभार संभालने को याद करते हुए कहा, जब आप एक ही काम पिछले 10 वर्ष से कर रहे हैं और सफलता नहीं मिल रही है तो एक ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको चाहिए कि पांच साल तक यह जिम्मेदारी किसी और को सौंप दें।

आपकी मां ने ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह होती है कि वे जानते हैं कि उनमें क्या कमी है और वे सक्रिय रूप से उन कमियों को दूर करने के लिए तत्पर रहते हैं।



### यह भी बोले प्रशांत किशोर

- राहुल पांच साल तक जिम्मेदारी किसी और को सौंप दें
- यूपी, बिहार नहीं जीते तो वायनाड जीतने का कोई फायदा नहीं
- भाजपा के 370 सीट जीतने की संभावना नहीं
- दक्षिण और पूर्वी भारत में बढ़ेंगी बीजेपी की सीटें'

### चुनावी लड़ाई में अमेठी को छोड़ने से जाएगा गलत संदेश

प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर आप उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में नहीं जीते तो वायनाड से जीतने का कोई फायदा नहीं। रणनीतिक रूप से, मैं कह सकता हूं कि अमेठी को छोड़ देने से केवल गलत संदेश जाएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में अपने गृह राज्य गुजरात के अलावा उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने का फैसला किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि आप भारत को तब तक नहीं जीत सकते जब तक आप हिंदी पट्टी को नहीं जीतते या हिंदी पट्टी में महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं रखते। भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों के एक साथ आने और 'इंडिया' गठबंधन बनाने पर उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को हराने के लिए गठबंधन न तो डिजायरेबल है और न ही प्रभावी है क्योंकि लगभग 350 सीट पर सीधी लड़ाई है।

### दक्षिण व पूर्वी भारत में बढ़ेंगी BJP की सीटें

इसके साथ ही प्रशांत किशारे ने भाजपा को लेकर भी इस बात पर जोर दिया कि पार्टी के अपने लक्ष्य के मुताबिक, 370 सीट जीतने की संभावना नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीटों में वृद्धि करेगी। उन्होंने यह भी संभावना व्यक्त की कि तेलंगाना में भाजपा इस लोकसभा चुनाव में पहले या दूसरे नंबर की पार्टी होगी। वहीं ओडिशा में नंबर एक होगी। वह पश्चिम बंगाल में भी नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। तमिलनाडु में भाजपा का मत प्रतिशत दोहरे अंक में पहुंच सकता है।

### अजेय नहीं है भाजपा व पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि भाजपा के स्पष्ट प्रभुत्व के बावजूद, न तो पार्टी और न ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजेय हैं। उन्होंने ये भी इशारा किया कि विपक्ष के पास भाजपा के रथ को रोकने की तीन विभिन्न और यथार्थवादी संभावनाएं थीं, लेकिन आलस्य और गलत रणनीतियों के कारण उन्होंने अवसरों को गंवा दिया।

जरूरी खबर

## चेन्नई में तीन लोगों से 4 करोड़ रुपए किए जब्त



**चेन्नई।** पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने रविवार को बताया कि फ्लाइंग स्क्वाड की एक टीम ने तीन लोगों से 4 करोड़ रुपए जब्त किए हैं, जो चुनावी राज्य तमिलनाडु में तिरुनेलवेली जा रहे थे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने कहा कि आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच शुरू करेगा। तीनों व्यक्ति यहां एग्मोर से तिरुनेलवेली जाने वाली ट्रेन में सवार हुए थे। अधिकारियों की टीम ने उन्हें शनिवार देर रात पास के तांबरम में रोका और उनके पास से 4 करोड़ रुपए बरामद किए। उनके पास इतनी नकदी ले जाने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## हिंदू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य रस्म नहीं: हाई कोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने साफ किया है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत विवाह संपन्न कराने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। कोर्ट ने कहा कि इस अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है जो हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए आवश्यक है। यह टिप्पणी जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

## अखिलेश ने की अंसारी के परिवार से मुलाकात



**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात करने के लिए रविवार को गाजीपुर पहुंचे और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अंसारी की मौत का सच सामने आएगा तथा परिवार को न्याय मिलेगा। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के परिवार से मिलने के बाद सपा अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा, मुख्तार अंसारी ने खुद यह आशंका जताई कि उसे जहर दिया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने मुख्तार की जेल में जहर देकर हत्या किए जाने के परिजनों के आरोप की तरफ इशारा करते हुए कहा, आप, हम और यहां जितने भी लोग हैं क्या हम यह स्वीकार कर लेंगे कि यह मौत प्राकृतिक थी?

## IIM बोधगया के दीक्षांत समारोह में पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़






*गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को आईआईएम बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उपराष्ट्रपति ने बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के साथ बोधगया में महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की।*

## रूस से नौसेना को इसी साल मिलेंगे दो युद्धपोत



**नई दिल्ली।** रूस में भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत तैयार किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक ये युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। दरअसल इन युद्धपोतों को रूस द्वारा अब तक भारत को सौंपा जाना था लेकिन यूक्रेन से युद्ध के कारण इन्हें तैयार करने में देरी हो रही है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि नौसेना की एक टीम ने हाल ही में रूस में शिपयार्ड का दौरा किया था। वहां इन युद्धपोतों को तैयार किया जा रहा है। नौसेना की टीम द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि काम अच्छी गति से चल रहा है और पहले युद्धपोत का समुद्री परीक्षणों के लिए जलावतरण किया जा चुका है। भारत को पहला युद्धपोत इस साल अगस्त के महीने में दूसरा युद्धपोत दिसंबर तक मिलने की उम्मीद है।

### अप्रैल में कहीं हिमपात... कहीं लू के थपेड़े, कई राज्यों में हल्की बारिश

# सेना ने लद्दाख में बर्फबारी में फंसे 80 लोगों को बचाया






**एजेंसी** | लेह/मनाली

देश के 14 राज्यों में रविवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई तो कहीं लू का असर देखा गया। वहीं, हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हिमपात हुआ। राज्य के मनाली व लाहौल इलाके में अप्रैल महीने में भी जनवरी जैसी सर्दी का अहसास करा दिया।

दूसरी ओर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फीट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी में फंसे कम से कम 80 लोगों को सेना ने बचाया। इसमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं।

सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने रविवार को कहा कि शनिवार आधी रात के ऑपरेशन को त्रिशूल डिवीजन के सैनिकों ने अंजाम दिया। सैनिकों ने चांग ला की बर्फीली ऊंचाइयों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए एक आपातकालीन स्थिति पर तुरंत कार्रवाई की। कोर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि रात में दो घंटे तक लगातार काम किया और बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को राहत पहुंचाई। इसमें बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की गई।

### आंध्र के नांदियाल में पारा 44.5 डिग्री पर

दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार 8 राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इनमें से कई राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, मध्य प्रदेश में रविवार शाम कुछ इलाकों में करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई।

### चुनाव के दौरान चरम पर होगी लू

मौसम विभाग ने भी रविवार को हीटवेव की चेतावनी जारी की है। आईएमडी का कहना है कि आने वाले दो दिनों में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में हीटवेव का प्रकोप देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय मोहापात्रा का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनावों और लू की संभावना को देखते हुए विशेष इंतजाम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भीषण गर्मी पड़ने वाली है। ऐसे में मौसम विभाग द्वारा की जाने वाली भविष्यवाणी चुनाव की तैयारी में सहयोग कर सकती है। गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में लू का असर ज्यादा दिनों तक रह सकता है।

### मध्यप्रदेश: 10 अप्रैल तक बारिश-आंधी का अलर्ट

मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 7 से 10 अप्रैल तक ओले-बारिश का दौर रहेगा। 30 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार में आंधी चलने का भी अनुमान है। इसके चलते मौसम वैज्ञानिकों ने रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, '10 अप्रैल को सिस्टम ज्यादा मजबूत रहेगा। इससे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा समेत पूरे प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं ओले-आंधी का दौर जारी रह सकता है।

### प.बंगाल: विस्फोट मामले की जांच

# अब एनआईए टीम के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर

**एजेंसी** | कोलकाता




पश्चिम बंगाल में भूपति नगर विस्फोट मामले में जांच करने गई एनआईए टीम पर हुए हमले के एक दिन बाद पुलिस ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की है।

यह मामला तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जाना ने दर्ज कराया है। मोनी जना ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की और उनके आवास पर तोड़फोड़ की गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

### आरोप दुर्भावनापूर्ण व निराधार: NIA

इस बीच, एनआईए ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा है कि अधिकारियों पर हमले के बाद जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वे दुर्भावना पूर्ण और निराधार हैं। एनआईए ने कहा है कि उसकी कार्रवाई प्रामाणिक, वैध और कानूनी रूप से अनिवार्य थी, क्योंकि यह बमों के निर्माण से संबंधित जघन्य अपराध की चल रही जांच का हिस्सा थी। इसी सिलसिले में पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपति नगर थाना अंतर्गत नरूबिला गांव में छापेमारी की थी।

### आरोपी को ले जा रहे थे थाने, भीड़ ने कर दिया हमला

एजेंसी ने कहा कि स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में सीआरपीएफ द्वारा मुहैया कराई गई सुरक्षा के तहत पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद गिरफ्तारियां की गईं। गुस्साई भीड़ ने एनआईए कर्मियों पर हमला किया, जो कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए गिरफ्तार आरोपी को स्थानीय पुलिस थाने ले जा रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एजेंसी का आधिकारिक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। एनआई ने स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करा दी है।

### संघ प्रमुख भागवत का आह्वान

# समाज में जातीय भेदभाव को समाप्त किया जाए

**एजेंसी** | वडोदरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में जाति और लैंगिक आधार पर भेदभाव को खत्म करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने का रविवार को आह्वान किया। आरएसएस प्रमुख गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां बुद्धिजीवियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। वह दक्षिण गुजरात के भरूच में शनिवार को एक ऐसे ही कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि 'सज्जन शक्ति' को संगठित किया जाना चाहिए और सद्भाव, पारिवारिक शिक्षा, रीति-रिवाजों का पालन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी मूल्यों की जागृति और नागरिक कर्तव्य में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कला, साहित्य और सामाजिक परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों ने अपनी परियोजनाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आरएसएस नेता भैयाजी जोशी ने कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति और परंपरा के वाहक होने के नाते आध्यात्मिकता, शिक्षा, कला के माध्यम से समय-समय पर समाज में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को हल करना हमारी परंपरा रही है।

### IMD: मौसम के पूर्वानुमान के लिए AI का उपयोग

# पंचायत स्तर तक के मौसम का हो सकेगा पूर्वानुमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली






मौसम के बेहतर पूर्वानुमान के लिए देश के वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में तेजी से मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणालियों को बढ़ा रहा है।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है जो देश के 85 प्रतिशत भूभाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने देश के मौसम वर्ष 1901 से रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया है और मौसम के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती हुई प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की पूरक होंगी, जिनका वर्तमान में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि हमने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

### विशेषज्ञ समूहों का गठन हुआ

महापात्रा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों पूर्वानुमान सटीकता में सुधार के लिए एक दूसरे के पूरक होंगे। दोनों साथ-साथ काम करेंगे और दूसरे की जगह कोई नहीं ले सकता। स्थानीय पूर्वानुमानों की आवश्यकता पर महापात्रा ने कहा, हमारा लक्ष्य पंचायत या गांव स्तर पर पूर्वानुमान देना है। कृषि, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, जल विज्ञान और पर्यावरण में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मौसम की जानकारी तैयार करना हमारा उद्देश्य है।

### यह होगा फायदा

उन्होंने कहा कि अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पद्धति के माध्यम से न केवल मौसम परिस्थितियों, भूस्खलन, ग्लेशियर के टूटने जैसी स्थितियों का बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा, बल्कि ऊर्जा उत्पादन, परिवहन बाधा, कृषि प्रभावोत्पादकता, आपूर्ति श्रृंखला प्रभाव आदि के बारे में सटीक आकलन करने में मदद मिलेगी। इससे आंधी, तूफान, बिजली कड़कने, धूल भरी आंधी, चक्रवात का बेहतर आकलन करके कम समय में जानकारी मुहैया कराई जा सकेगी, जिससे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकेगा।

## कार्यक्रम 'ए मोहब्बत जिंदाबाद' में गूंजे 70 और 90 के दशक के गीत

# गुलाबी फिजा में घुली बॉलीवुड के गोल्डन ऐरा की खुशबू






**बेधड़क | जयपुर**

पिंक सिटी की फिजा बॉलीवुड के गोल्डन ऐरा से गुलाबी हो उठी। हर कोई पुराने गीतों की महफिल में खो सा गया और उनको अपने-अपने अंदाज में एंजॉय करता दिखाई दिया। मौका था 70-90 के दशक में सुपर हिट रहे गीतों की धूम का। कलाकारों ने कभी मोहम्मद रफी, कभी किशोर कुमार कभी लता मंगेशकर के गीत सुनाए तो कभी गानों के साथ दिलीप कुमार, राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन के अभिनय की झलक भी मंच पर दिखाई दी।

महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में गायक मोहन कुमार बालोदिया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम 'ए मोहब्बत जिंदाबाद' में शहर के 15 कलाकारों ने इन गीतों को अपनी आवाज दी तो हर अच्छी प्रस्तुति को वहां बड़ी संख्या में मौजूद सिने गीतों के प्रेमियों ने तालियों से इज्जत बख्शी।

### दिल दीवाना बिना सजना के...

शुरुआत रश्मि के गाए फिल्म मैनें प्यार किया के सुपरहिट गीत 'दिल दीवाना बिना सजना के माने ना...' से हुई। पहले ही गीत की दिलकश प्रस्तुति ने लोगों का दिल जीत लिया। इसके बाद मोहन कुमार बालोदिया मंच पर आए और उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' फिल्म में दिलीप कुमार पर फिल्माया प्यार की कशिश को दर्शाता गीत 'ऐ मोहब्बत जिदाबाद' प्रस्तुत किया। इसके बाद चला एक से बढ़कर एक गीतों के प्रस्तुतीकरण का सिलसिला, जो 28 गीतों की माला पिरोकर संपन्न हुआ।



### इन कलाकारों ने सजाई शाम

कार्यक्रम में मोहन कुमार बालोदिया, रश्मि, नागेश भटनागर, राजीव माथुर, कृष्ण कुमार मीणा, विशाल शर्मा, रणवीर सिंह, संजय भटनागर, हनुमान शर्मा, बेला माथुर, मनीषा जैन, विधि आचार्य और निकिता लालवानी ने प्रस्तुति दी। मंच संचालन प्रियंका वर्मा ने किया।

### हूटिंग कर किया मोटिवेट

इस दौरान बड़ी संख्या में जयपुराइट्स मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों और हूटिंग से कलाकारों का सम्मान करते हुए उनको मोटिवेट किया। कुछ दर्शक अपनी कुर्सी से उठकर नाजते और गाते दिखाई दिए तो कुछ अपने दिनों को याद करते हुए भावुक और रोमांचित हो उठे। सभी ने कलाकारों को इज्जत और सम्मान देते हुए ऐसे कार्यक्रम आगे भी करने की मांग की, जिस पर आयोजकों ने सहमती दी।

## जिंक फुटबॉल मैच जीता



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे मुकाबलों में रविवार को जावर स्टेडियम ग्राउंड उदयपुर में फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के 72 मैचों में 29वां मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिंक फुटबॉल अकादमी उदयपुर और चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब अजमेर के बीच मैच खेला गया। इसमें जिंक फुटबॉल अकादमी उदयपुर ने मैच 1-0 से जीत हासिल की।

## भर्तृहरि का प्रदर्शन आज

**बेधड़क. जयपुर।** पारम्परिक लोकनाट्य तमाशा जयपुर की रियासत काल से होता आ रहा है का मंचन सोमवार दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। परम्परा नाट्य समिति की ओर से आमेर स्थित अंबकेशवर महादेव मंदिर प्रांगण मे तमाशा साधक-दिलीप भट्ट के निर्देशन में खेले जाने वाली इस शेली में कार्यकम संयोजक सचिन भट्ट हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय संगीत पर केंद्रित तमाशा व बंशीधर की ओर से रचित है, जिसे तमाशा प्रबंधकारिणी समिति आमेर द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है। भट्ट परिवार की छट्टी और 7वीं पीढ़ी प्रस्तुत करेगी, जो तमाशा के मूर्धन्य कलाकार स्व. गोपी भट्ट को समर्पित होगा।

## पेंटिंग्स में दिखाई क्रिएटिविटी



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की सुकृति आर्ट गैलेरी में पुष्करणा और विक्रम रावल की ओर से क्यूरेटेड एग्जीबिशन में मॉडर्न आर्ट से युवा रू-ब-रू हुए। इस दौरान 42 से ज्यादा पेंटिंग प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें मॉडर्न आर्ट और रियलिस्टिक आर्ट को दिखाया गया है। प्रदर्शनी में एक्रेलिक, वाटर कलर, ऑयल पेंट, चारकोल (कोयला) की क्रिएटिविटी खास है। ये ही कारण है कि एग्जीबिशन में सीनियर आर्टिस्ट के अलावा कला प्रेमी पहुंचे और आर्ट को करीब से देखकर उसे जानने की कोशिश की। कलाकारों ने भी प्रदर्शनी में उपयोग में लाई गई चीजों को समझाया और बताया।

## City इवेंट्स

### मिलन समारोह में यादव युवक मंडल के सदस्यों जमकर खेली होली, उड़ाई गुलाल



**बेधड़क. जयपुर।** श्री कृष्ण यादव स्कूल, रामगंज बाजार में यादव युवक मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ माला दुपट्टा साफा और शॉल ओढ़ाकर किया गया। सभी ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने कहा कि संगठित होकर कुरीतियों को दूर कर समाज के उत्थान और विकास के साथ-साथ देश के उत्थान और विकास में भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में राकेश यादव, राजेश यादव, मुकेश यादव, विनोद यादव, नानूराम यादव, रामलाल यादव, दुर्गालाल यादव, सुरेश यादव, सत्यनारायण यादव, महेश यादव, विनोद यादव डब्बू, दीपेंद्र यादव, भरत यादव, किशन यादव, राहुल यादव, राधा किशन यादव, शंकर यादव, गोपी किशन यादव, अभय यादव और नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### पयोहारी महाराज की जयंती पर भगवान का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया



**बेधड़क, जयपुर।** श्रीगलताजी में संस्थापक आचार्य कृष्णदास पयोहारी महाराज की जयंती उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलताजी में मनाई गई। इस मौके पर पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि सुबह गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने वेद मंत्रोच्चार के साथ पयोहारी बाबा की गुफा पर उनके चित्र का पूजन किया। दुग्ध व दुग्ध से निर्मित मिष्ठान का भोग लगाया गया। श्री गलता स्थित सभी मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। विद्वानों ने पयोहारी महाराज की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अर्चना की। गलता में पयोहारीजी महाराज द्वारा प्रज्वलित किए गए 521 वर्ष प्राचीन अखंड-धूणा का पूजन किया गया। शाम को पयोहारीजी महाराज की प्राचीन गुफा की सामूहिक महाआरती की गई। इस अवसर पर श्री बिहारी अग्रवाल, श्याम भूतड़ा, पवन, महेश, सुरेश तिवाड़ी, वसुन्धरा सहित नगर के अनेकों विशिष्टजन उपस्थित रहे। सभी ने भक्ति दर्शाते हुए जयकारे लगाए और शांति की कामना की। कई भक्त गलताजी की हरियाली का आनंद लेने पैदल यात्रा करते हुए वहां पहुंचे और पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया।

## दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का आगाज

# रंगबिरंगी रोशनी में रंगा जेकेके और सुरीली आवाज में गूंजी रूहानी गजलें



**बेधड़क | जयपुर**

रंगबिरंगी रोशनी में रंगा प्रांगण और सुरीली आवाज में गूंजती रूहानी गजलें। जवाहर कला केन्द्र में रविवार को कुछ ऐसा ही माहौल नजर आया। मौका था केन्द्र की स्थापना के 31 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह के पहले दिन का। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मशहूर गजल गायक मोहम्मद वकील और नवदीप झाला ने गजलों का गुलदस्ता सजाया। इस अवसर पर जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि जवाहर कला केन्द्र नव को पहचान और अनुभव को सम्मान के ध्येय के साथ कलाकारों के कल्याण के लिए केन्द्र सदैव प्रतिबद्ध है। नवदीप सिंह झाला ने 'रंजिश ही सही' से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की और विभिन्न गजलों के साथ समां बांधा। तबले पर गुलाम गोस, सन्तूर पर उस्ताद अनवर हुसैन नीलू, वायलिन पर अशोक पंवार और की-बोर्ड पर एस. बबलू ने संगत की। प्लेबैक सिंगर मोहम्मद वकील ने शास्त्रीय रागों पर आधारित गजलों का गुलदस्ता सजाया। राजस्थानी मांड केसरिया बालम गाकर उन्होंने सभी को राजस्थान के रंग में रंग दिया। वायलीन पर गुलजार हुसैन, की-बोर्ड पर रेहबर हुसैन, सितार पर प्रज्ञा दीक्षित, तबले पर मेराज हुसैन और ऑक्टोपेड पर रमजान ने बेहतरीन संगत की। समारोह के दूसरे दिन सोमवार को सायं सात बजे से रंगायन सभागार में लोक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें मशहूर गायिका सीमा मिश्रा अपने सुरीले गीतों से समां बांधेगी।

## हेरिटेज फेस्ट का पुरस्कार वितरण समारोह

# रामायण की थीम पर बच्चों ने किया क्लासिकल डांस, रंगोली सजाई



**बेधड़क | जयपुर**

हरे कृष्ण मूवमेंट के हेरिटेज फेस्ट का रविवार को पुरस्कार वितरण किया गया। इस बार फेस्ट बहुत ही खास था, क्योंकि इसकी थीम भगवान श्री राम पर रखी गई थी। राजस्थान के इस सबसे बड़े कल्चरल फेस्ट के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में बच्चों के लिए पेंटिंग, कलरिंग, ड्राइंग, स्केचिंग आदि की प्रतियोगिताएं रखी गई। इसके साथ ही हेरिटेज फेस्ट में स्टेज इवेंट्स का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रामायण थीम पर क्लासिकल डांस, गायन, रंगोली मेकिंग में बहुत उत्साह से भाग लिया। बच्चों की कला की प्रशंसा करने के लिए और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए रविवार 7 अप्रैल को हरे कृष्ण कल्चर सेंटर के सुधर्मा हाल में हेरिटेज फेस्ट का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसके प्रायोजक थे मेकर एक्स स्पेस। कार्यक्रम की विशेष झलकियां थी ब्रज की होली और वंदना नृत्य। हेरिटेज फेस्ट में अलग-अलग कैटेगरी के विजेता छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे मुकुट बिहारी गोयल, प्रत्युष सोनी, जेपी कनोडिया, आकाश बंसल और जोराराम ने बच्चों की प्रतिभा को बहुत सराहा। वक्ताओं ने साथ ही कहा कि उन्हें जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने सभी विजेता छात्रों को बहुत शुभकामनाएं दीं और उन्हें आध्यात्मिक जीवन में अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया।

**सामाजिक सेवा पखवाड़ा** | **राजस्थान जैन युवा महासभा ने किया भोजन सामग्री का वितरण**

# जरूरतमंदों की सेवा कर दिया मानवता का संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक दिवस से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस तक आयोजित सेवा पखवाड़े में आश्रम में महिलाओं को आवश्यक सामग्री वितरण की गई।

साथ ही भोजन प्रासादी का आयोजन किया गया। साथ ही जवाहर नगर- मालवीय नगर संभाग द्वारा वरुण पथ मानसरोवर स्थित राजकीय विद्यालय में कंप्यूटर, मॉनिटर और प्रिंटर प्रदान किए गए।

युवा व महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में हुए इन योजनों में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। दूसरी ओर झोटवाड़ा सम्भाग के वैशाली नगर जोन द्वारा करधनी जैन मंदिर के पास मल्टी स्पेशिलिटी चिकित्सा व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।




### आज करेंगे निशुल्क परिंडा वितरण

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि पखवाड़े के तहत सोमवार को जवाहर नगर-मालवीय नगर सम्भाग के अधीनस्थ मालवीय नगर जोन की ओर से सुबह 8 बजे मयूर पिकॉक गार्डन में जीव दया व नि:शुल्क परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद कोटखावदा, पखवाड़े के मुख्य संयोजक पवन पाण्डया, जवाहर नगर- मालवीय नगर संभाग अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन, संभाग महामंत्री विनोद जैन, झोटवाड़ा सम्भाग अध्यक्ष तरुण जैन, महामंत्री पूनम चांदवाड़, जवाहर नगर जोन अध्यक्ष संजय जैन और जोन महामंत्री नीतू जैन सहित बड़ी संख्या में जैन बन्धु मौजूद रहे।



मिट्टी के बंधन से मुक्ति पेड़ के लिए आज़ादी नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## युद्ध के 6 महीने पूरे होने पर इजराइली PM का संदेश

# बंधक रिहा होने पर ही युद्धविराम



**एजेंसी** | यरूशलम

इजराइल पर हमास के हमले और उसके जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी पर इजराइली सेना के हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं। इस बीच फिर से युद्धविराम पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर एक मांग की है। उन्होंने कहा है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजराइली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता। नेतन्याहू ने यह टिप्पणी साप्ताहिक कैबिनेट बैठक की शुरुआत में की है। गौरतलब है कि मिस्र में संघर्ष विराम वार्ता का एक नया दौर शुरू होने वाला है। इस बीच नेतन्याहू ने कहा कि बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद, इजरायल गाजा की 'अत्यधिक' मांगों के आगे नहीं झुकेगा।

### 33 हजार से ज्यादा फलिस्तीनियों की मौत

हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर ताबड़तोड़ हमले किए थे। इस हमले के बाद से ही युद्ध की शुरुआत हो गई, जो अब तक चल रहा है। इस हमले में लगभग 1,200 इजरायली-विदेशी नागरिकों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में इजरायली सेना ने गाजा में 33,137 फलिस्तीनियों को मारा है। मरने वालों में दो तिहाई संख्या महिलाओं और बच्चों की है।

### रमजान माह में भी नहीं रूक रहा हमला

**काहिरा।** इजरायल और हमास के आतंकियों के बीच युद्ध मुस्लिमों के रमजान के पाक महीने में भी जारी है। दोनों के बीच कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है। हालांकि अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इस बीच इजराइल की सेना ने कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है।

## परियोजना को लेकर अमेरिका जता चुका है नाराजगी

# पाक का ईरान के साथ गैस पाइपलाइन पर काम शुरू

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने आखिरकार ईरान के साथ गैस पाइपलाइन का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन के 80 किमी हिस्से का निर्माण किया जाएगा जो ग्वादर से ईरानी हिस्से को जोड़ेगी। पाक ने ये फैसला ऐसे समय में किया है जब आगामी 22 अप्रैल को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान की यात्रा पर आ रहे हैं।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। पाकिस्तान ने इस प्रोजेक्ट को शुरू तो कर दिया है, लेकिन इसे पूरा करना आसान नहीं है। इस प्रोजेक्ट से अमेरिका का भड़कना तय है जो पहले ही कई बार पाकिस्तान को आगाह कर चुका है। ऐसे में सवाल है कि क्या ये प्रोजेक्ट पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए गले की फांस बनने जा रहा है। ऊर्जा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि इंटर स्टेट गैस कंपनी ने इस बारे में टेंडर जारी कर दिए हैं। ये प्रोजेक्ट पहले से ही एक दशक की देरी से है। इसे 2014 में पूरा किया जाना था और 2015 में इसका संचालन शुरू होना था, लेकिन अमेरिका के डर से पाकिस्तान इससे दूरी बनाए हुए था। पाकिस्तान कहता रहा है कि ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते वह अपने क्षेत्र में इस परियोजना को मूर्त रूप नहीं दे सका है।



### अमेरिका-ईरान के बीच फंसे शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ मुश्किल है कि प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ते हैं तो अमेरिका खफा होता है और नहीं बढ़ते हैं तो ईरान पाकिस्तान को धोखेबाज और अमेरिका से डरने वाला समझता है। मार्च में ही इस्लामाबाद में ईरान के राजदूत मुकद्दम ने परियोजना में देरी के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने कहा था कि 2009 में हुए इस समझौते में अब विस्तार की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि ईरान ने वर्षों पहले अपनी तरफ काम पूरा कर लिया था और वह एक दशक से समझौते को लागू किए जाने का इंतजार कर रहा है।

### ईरान ने दी थी पाकिस्तान को डेडलाइन

जनवरी में ईरान ने पाकिस्तान को आखिरी नोटिस देकर फरवरी-मार्च 2024 तक प्रोजेक्ट पूरा करने की डेडलाइन दी थी। ऐसा न करने पर समझौते के तहत 18 अरब डॉलर हर्जाना भरने के लिए तैयार रहने को कहा था। अब समय बीत जाने के बाद पाकिस्तान ने पाइपलाइन पर काम शुरू करने का फैसला किया है। पाकिस्तान का ये कदम अमेरिका के स्पष्ट विरोध के साथ ही प्रतिबंधों की चेतावनी के बीच हुआ है। खासतौर पर जब मार्च के आखिर में अमेरिका इस प्रोजेक्ट पर साफ शब्दों में पाकिस्तान को अपनी ना कह चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने साफ किया था कि हम पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन का समर्थन नहीं करते हैं। इसके पहले दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के अमेरिकी सचिव डोनाल्ड लू ने इस प्रोजेक्ट को अमेरिका के लिए रेडलाइन कहा था। लू ने कहा था कि मुझे नहीं पता कि इस परियोजना के लिए फंड कहां से आएगा। लेकिन मेरा साफ मत है कि इस परियोजना को रोका जाना चाहिए। उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया था कि अमेरिका की इस मामले में पाकिस्तान को छूट देने की कोई इच्छा नहीं है।

## ईद से पहले खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी हमले

# 6 पुलिसकर्मी समेत 12 टेररिस्ट की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र कैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिनों में हुई आतंकवादी घटनाओं में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समेत छह सुरक्षाकर्मी मारे गए। इस हमले में 12 आतंकवादियों की भी मौत हुई है।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि बलूचिस्तान प्रांत में चार आतंकवादियों को मार गिराया गया है। उन्होंने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के तहत आठ आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में आतंकवादी हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए। इस दौरान एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। वहीं, सरा दरगा इलाके में अज्ञात हमलावरों की गोलीबार में कांस्टेबल की मौत हो गई थी। बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य इसमें घायल हो गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।





## वैज्ञानिकों ने किया अध्ययन

# सूर्य ग्रहण पर जानवरों का अनोखा व्यवहार

**एजेंसी** | वाशिंगटन

सोमवार को मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा में सूर्य ग्रहण के चलते 4 मिनट से ज्यादा समय के लिए पूरी तरह अंधेरा छा जाएगा। इसे देखने के लिए खगोलविद् रोमांचित हैं। सूर्य ग्रहण उस समय होता है जब सूरज और पृथ्वी की सीधी रेखा के बीच में चंद्रमा आ जाता है। इसके चलते सूर्य चंद्रमा के पीछे छिप जाता है और उसका प्रकाश पृथ्वी पर नहीं पहुंचता, जिससे दिन में अंधेरा हो जाता है। हालांकि, सूर्य ग्रहण किसी एक जगह पर केवल कुछ मिनटों के लिए ही होता है, लेकिन इस दौरान जानवरों का व्यवहार अनोखा हो जाता है। जानवर सोने, भोजन ढूढ़ने, शिकार और दैनिक क्रियाकलापों के लिए बॉयोलॉजिकल क्लॉक पर निर्भर रहते हैं। इसमें सूरज की रोशनी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन ग्रहण किस तरह से इनकी दिनचर्या को बाधित करते हैं, यह समझना मुश्किल हो जाता है।



### अपने छत्ते में लौटने लगी मधुमक्खियां

स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी में व्यवहार पारिस्थितिकी विज्ञानी सेसिलिया निल्सन के हवाले से लिखा गया है कि प्रकाश पौधों से लेकर जानवरों तक हर चीज को प्रभावित करता है। जीवविज्ञानी के रूप में हम सूर्य को बंद नहीं कर सकते, लेकिन समय-समय पर प्रकृति इसे हमारे लिए बंद कर देती है। विज्ञानी विलियम व्हीलर ने 1932 में सूर्य ग्रहण के दौरान जानवरों में होने वाले परिवर्तन को जांचने के लिए अखबार में विज्ञापन देकर लोगों की भर्ती की थी। इस तरह उन्होंने 500 से अधिक डेटा एकत्र किया था, जिसमें पक्षियों, स्तनधारियों, कीड़ों और पौधों में बदलाव का चार्ट बनाया गया। उन्होंने पाया था कि ग्रहण के दौरान उल्लू ने बोलना शुरू कर दिया था और मधुमक्खियां अपने छत्ते में लौटने लगी थीं।

### घबराकर भागने लगे थे जिराफ

इसके पहले जब 2017 में हुए सूर्य ग्रहण के चलते दो मिनट 42 सेकंड के लिए सूर्य गायब हो गया था तो वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग को एक बार फिर दोहराया था। अमेरिका के साउथ कैरोलिना में एक चिड़ियाघर में जिराफ घबराकर भागने लगे थे। ऐसी ही दिलचस्प बात कछुओं के साथ हुई थी, जब सूर्य ग्रहण लगते ही उन्होंने संबंध बनाने शुरू कर दिए। एडम हार्टस्टोन साउथ कैरोलिना के रिवरबैंक्स चिड़ियाघर में काम करते हैं। 2017 के ग्रहण के दौरान वे चिड़ियाघर में जानवरों का व्यवहार देखने के लिए मौजूद थे।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl